Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

THE DAYSPRING NEWS

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:244 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, शनिवार/ 27 सितम्बर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

### पंचम मां स्कंदमाता



देवी मां का पांचवां रूप स्कंदमाता के नाम से प्रचलित है। भगवान् कार्तिकेय का एक नाम स्कन्द भी है जो ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति के एक साथ सूचक है। स्कन्द इन्हीं दोनों के मिश्रण का परिणाम है।

## ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 फीसदी टैरिफ

### 1 अक्टूबर से लागू होगा,अमेरिका को 30 फीसदी दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी प्रेसीडेंट डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रम्प ने कहा- 1 अक्टूबर से हम ब्रांडेड या



पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। 'लगा रही हैं' का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा- भारत, जो जेनेरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि प्रेसीडेंट का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्युटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर की दवाइयां भेजी थीं।

## किसान की कर्जमाफी की मांग पर भड़क गए पवार

### ● महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम बोले-इसे ही सीएम बना दो

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार गुरुवार को मराठवाड़ा के धाराशिव में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे थे। यहां पर उनका किसानों से बातचीत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे कर्ज माफी की मांग पर गुस्सा करते नजर आ रहे हैं। जब एक किसान ने कर्ज माफी की मांग की तो डिप्टी सीएम ने गुस्से में कहा- इसे मुख्यमंत्री बना दो! क्या तुम्हें लगता है कि हम कंचे खेलने आए हैं। मैंने सुबह 6 बजे करमाला से अपना दिन शुरू किया। आप सिर्फ काम करने वालों की आलोचना करते हैं। हमने अपनी प्यारी बहनों की बहुत मदद की है। हम सालाना 45,000 करोड़ की मदद दे रहे हैं। किसानों के बिजली के बिल माफ किए हैं और उसके लिए 20,000 करोड़ दिए हैं।



## फ्रांस से डील का डर,घुटनों में आई अमेरिकी कंपनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस फाइटर जेट प्रोजेक्ट को लंबे समय तक लटकाने के बाद अमेरिकी कंपनी जेनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को धड़ाधड़ इसकी इंजन की सप्लाई शुरू कर दी है और भविष्य में इसमें और तेजी लाने का भरोसा भी दिया है। एचएएल की ओर से यह खुलासा तब किया गया, जब एक अमेरिकी मीडिया ने यह रिपोर्ट दी कि जीई की ढिलाई की वजह से भारत अपने अन्य स्वदेशी फाइटर जेट प्रोजेक्ट के लिए फ्रांस की जेट इंजन बनाने वाली कंपनी सफ्रान एसए से बातचीत कर



रहा है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी डॉ. डीके सुनील ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा है वह (जीई) अब अपनी सप्लाई चेन को ठीक कर रहे हैं। मूल समस्या दूर हो गई है और अब उत्पादन तेजी से होगा। कंपनी ने अगले साल हमें 20 इंजन देने का वादा किया है। उन्होंने साफ किया है कि अब तो जीई इंजन को लेकर लगातार जानकारी दे रही है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि संवाद बेहतर हुआ है और हमें विश्वास है कि वे अब इसे और बेहतर करने में सक्षम होंगे।

अब यादों में रहेगा

## दुश्मनों का दिल दहलाने वाला मिग-21

### ● चंडीगढ़ में भरी आखिरी उड़ान, एयरफोर्स चीफ ने की सवारी ● 62 साल बाद रिटायर हुआ,1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा





**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना की 'रीढ़' कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। आज से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं। विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है।

अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है।

### रक्षामंत्री बोले-
### मिग-21 से हमारे साथ काफी यादें जुड़ी हैं

आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया। यह उसके प्रति सम्मान दर्शाता है।

## बंगाल में ऐसी सरकार बने जो सोनार बांग्ला का निर्माण करे



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां उत्तर कोलकाता के प्रसिद्ध संतोष मित्रा स्क्वायर के पूजा पंडाल का उद्घाटन किया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर इस बार अपना पंडाल बनाया है। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में शाह ने कहा कि मैंने मां दुर्गा से प्रार्थना की है कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में एक ऐसी सरकार बने जो सोनार बांग्ला का निर्माण कर पाए।हमारा बंगाल बंगाल का गौरव वापस लौटे और कविगुरु रवींद्र नाथ टैगोर के कल्पना का बंगाल का हम निर्माण कर पाए। शाह ने दुर्गा पूजा की शुरुआत में कोलकाता व आसपास के जिलों में भारी बारिश से हुई तबाही व बिजली के करंट से मारे गए 10 से अधिक लोगों के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त की।

## बिहार में 20 सालों से वोट चोरों का राज

### प्रियंका बोलीं-हमारी सरकार में यहां से आईएएस निकलते थे अब मजदूर

**मोतिहारी (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने मोतिहारी में हर घर अधिकार यात्रा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से पूछा- का हाल बा, हाल बदलने का समय आ गया है। बदलाव का वक्त है। बदलाव लाओ। गांधी जी ने मोदी जी और अमित शाह की गद्दी के लिए नहीं लड़े थे। वो आपके अधिकारों के लिए लड़े थे। बीजेपी के नेता कहते हैं कांग्रेस ने 70 सालों में क्या किया। कांग्रेस ने जनता के अधिकारों को मजबूत किया। आपकी शक्ति को मजबूत किया। बड़े-बड़े उद्योग बनाए। बड़े बांध बने। सड़कें बनीं। बिहार से आईएएस निकलते थे आज यहां के लोग मजदूरी करने जाते हैं। मेरा घर बन रहा था, मजदूर बिहार के थे। केरल में एक मजदूर मिला, सड़क बना रहा था। मैंने पूछा तो कहा बिहार से हूं। इन लोगों का एक ही मकसद है सिर्फ सत्ता में रहना है। आज देश में बड़े-बड़े उद्योग अडाणी और अंबानी के हैं। ये किसके दोस्त हैं। मोदी जी के दोस्त हैं।

इनका एक और दोस्त है जिसने आपके मखाने पर टैक्स लगाया है। मोदी जी उनके हाथ पकड़कर चलते हैं। कभी वो आपके हाथ पकड़कर चले हैं। आज यहां का किसान उसी परिस्थिति में है जिस परिस्थिति में गांधी जी आए थे। चुनाव पास हैं अब देखने ये लोग



कैसे ऐलान करेंगे। 10 हजार रुपए महिलाओं को देने का वादा किया। अब तक क्या कर रहे थे। चुनाव खत्म होने दीजिए ये भी बंद हो जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि महिलाओं से ज्यादा समझदार कोई नहीं होता। आप इनसे 10 हजार रुपए ले लो। वोट अपनी मर्जी से दो। प्रियंका गांधी बिहार में पहली बार कोई जनसभा या कार्यक्रम कर रही हैं। इससे पहले वो अगस्त में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने पहुंची थीं।

## पर्सनल लॉ में बाल विवाह की परमीशन

### ...लेकिन पॉक्सो में क्राइम

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा-यूनिफॉर्म सिविल कोड अब वक्त की जरूरत
- एचसी ने कहा-समान नागरिक संहिता ही इस टकराव को रोक सकता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमीशन देता है, जबकि पॉक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।




जस्टिस अरुण मोंगा ने पूछा कि अक्सर हम इस दुविधा में आ जाते हैं कि क्या समाज को लंबे समय से चले आ रहे पर्सनल लॉ का पालन करने के लिए अपराधी बनाया जाना चाहिए। जस्टिस मोंगा ने कहा कि क्या अब यूसीसी की तरफ बढ़ने का समय नहीं आ गया है। जिसमें एक ऐसा ढांचा बनाया जाए, ताकि पर्सनल लॉ जैसे कानून राष्ट्रीय कानूनों पर हावी न हों। दिल्ली हाईकोर्ट की यह टिप्पणी नाबालिग लड़की से शादी करने के आरोपी हामिद रजा की जमानत याचिका से जुड़े केस की सुनवाई के दौरान सामने आई। हामिद पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप है कि उसने नाबालिग लड़की से शादी की। रजा के खिलाफ एफआईआर लड़की के सौतेले पिता ने की थी। हालांकि कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में, नाबालिग रजा की गिरफ्तारी से पहले उसके साथ रह रही थी। उसके पिता ने अपना अपराध छिपाने के लिए एफआईआर की थी। हामिद रजा को जमानत दे दी।

## बरेली में 'आई लव मोहम्मद' विवाद पर बवाल

### ● जुमे की नमाज के बाद सड़क पर उतरी भीड़,की नारेबाजी ● पथराव, पुलिस का लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे

**बरेली (एजेंसी)।** बरेली में जुमे पर 'आई लव मोहम्मद' विवाद को लेकर बवाल हो गया। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इससे भगदड़ मच गई। दरअसल, मौलाना तौकीर रजा ने मुस्लिमों से इस्लामिया ग्राउंड में प्रदर्शन करने की अपील की थी। जुमे की नमाज के बाद भीड़ सड़क पर उतर आई और जबरन इस्लामिया मैदान में जाने की जिद पर अड़ गई।

पुलिस ने रोक लिया। इस पर भीड़ ने धार्मिक नारे लगाए। थोड़ी देर में पथराव शुरू हो गया। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया।





आंसू गैस के गोले दागे। शहमत गंज में भीड़ सड़क पर उतर आई थी। इसके चलते पुलिस ने बाजार बंद कराए फिलहाल, पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा को हिरासत में ले लिया है। पूरे बरेली में फोर्स मार्च कर रही है। अधिकारी लोगों को घरों में रहने की हिदायत दे रहे। आसपास के जिलों से फोर्स बढ़ा दी गई है। मौलाना तौकीर रजा इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष है। इन पर 2010 में बरेली में दंगा करवाने का भी आरोप है। मामला अभी कोर्ट में है। शुक्रवार को नमाज खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करते हुए खलील तिराहा पहुंचे। जब इन लोगों ने इस्लामिया की ओर जाने का प्रयास किया, तो मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। पुलिस के रोकने पर भीड़ हिंसक हो गई और उन्होंने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया।



## लद्दाख हिंसा के बाद सोनम वांगचुक गिरफ्तार

### डीजीपी जामवाल की अगुवाई वाली पुलिस ने की कार्रवाई

लेह (एजेंसी)। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को लद्दाख पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। लेह में राज्य का दर्जा और इस क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, वांगचुक पर लगाए गए आरोपों का अभी पता नहीं चला है। सरकार ने हिंसक विरोध प्रदर्शनों के लिए



वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है और आरोप लगाया है कि कार्यकर्ता ने नेपाल के जेनरेशन जेड विरोध और अरब स्प्रिंग-शैली के विरोध जैसे संदर्भों का इस्तेमाल करके युवाओं को भड़काया। डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व में जलवायु कार्यकर्ता की गिरफ्तारी केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से उनके स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख का एनजीए लाइसेंस रद्द करने के एक दिन बाद हुई।

### लेह के सभी स्कूल-कॉलेज हैं बंद, अभी कर्फ्यू जारी

जिला मजिस्ट्रेट रोमिल सिंह डोंक ने लेह के सभी स्कूलों, कॉलेजों और आंगनवाड़ी केंद्रों को दो दिनों के लिए बंद करने का आदेश दिया है। कारगिल में भी निषेधाज्ञा लागू है। जहां भारी सुरक्षा बल तैनात हैं। हालांकि, कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) की ओर से बुलाए एक दिन के बंद के बाद शुक्रवार को दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान फिर से खुल गए। इससे पहले लद्दाख में हाल में हुई हिंसक घटनाओं के बीच केंद्र सरकार ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की संस्था का विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया था।

## प्राइवेट नौकरी में आरक्षण की ओर बढ़ रहे राहुल गांधी !

### ईबीसी संकल्प 2029 की तैयारियों की शुरुआत तो नहीं

**पटना (एजेंसी)।** 11 साल से केंद्र की सत्ता से बाहर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी दलित और पिछड़ों की राजनीति के दम पर पार्टी में जान फूंकने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के




बाद बुधवार को राहुल ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव और विपक्षी महागठबंधन के नेताओं के साथ अति पिछड़ी जातियों (ईबीसी) के लिए 10 वादों का एक संकल्प जारी किया। अति पिछड़े बिहार में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के कोर वोटर माने जाते हैं। इन संकल्पों से संकेत मिल रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से लगातार मात खा रहे राहुल गांधी 2029 के लोकसभा चुनाव में प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण का एजेंडा आजमाने की तरफ बढ़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का इसी साल कर्नाटक में दिया एक बयान भी प्राइवेट सेक्टर की ओर इशारा करता है।

# ओरण-गोचर बचाने को लेकर गड़ीसर से कलेक्ट्रेट तक विशाल जन आक्रोश रैली उमड़ा जन सैलाब

## रविन्द्र सिंह भाटी बने साधु संतों की गाड़ी के सारथी









द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** जैसलमेर में कई दिनों से चल जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरने के बाद आज 26 सितम्बर को विशाल जन आक्रोश रैली निकाली गई जिसमें साधु संतों के आव्हान पर हजारों की तादाद में रैली का आयोजन हुआ रैली कलेक्ट्रेट पर धरना स्थल पर पहुंचने के बाद जनसभा के रूप में तब्दील हो गई। यहां मचं पर गुरु गोरखनाथ महन्त बाल भारती व नारायण भारती समेत कई साधु-संत समेत पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटीऔर शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी समेत कई लोग मौजूद रहे।इससे पूर्व गड़ीसर लेक से साधु-संतों के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट तक संखनाद के साथ मौन जुलूस निकाला गया। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण और शहरवासी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट पर हुई सभा को संबोधित करते हुए शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी बोले- मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता राजनीति चले या नहीं चले। 100 बीघा जमीन पड़ी है कमा कर खा लूंगा

**उन्होंने कहा-** जिन्हें हम लोगों ने वोट देकर बैठाया, आज वो पूरे क्षेत्र का सौदा कर रहे है। वहीं पोकरण विधायक प्रतापपुरी ने कहा- मैं धरने के दूसरे दिन ही आ गया था। मैं भाषण देने या माइक पकड़ने नहीं आया। इस सभा के बाद प्रतिनिधिमंडल पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज, जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, गुरू गोरखनाथ, जिला प्रमुख प्रतापसिंह ने कलेक्टर से मुलाकात की। हालांकि प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि उनकी मांगों का समाधान किया जाएगा।

### भाटी बोले- जिनको वोट दिया वे पूरे क्षेत्र का सौदा कर बैठे है

धरना स्थल पर रविंद्र सिंह भाटी ने संबोधित करते हुए कहा-ये लड़ाई किसी एक की नहीं। ये लड़ाई जैसमेलर और पश्चिमी राजस्थान की है। ये जितने भी जयपुर-दिल्ली में बंद कमरे के एसी में बैठे है न वो सीधे कागज मंगाते है। उन्हें नहीं पता इन खाली जमीन पर कई लोग रहते है। वे सीधे कंपनी को अलॉट कर देते है। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि राजनीति चलेगी या नहीं। 100 बीघा जमीन पड़ी है, कमा के खा लूंगा। कैबिनेट मीटिंग के मिनिट्स मेरे पास है। इसमें हर एक लाइन में लिखा है लैंड अलॉटमेंट... लैंड अलॉटमेंट... और लैंड अलॉटमेंट.. रिन्यूएबल एनर्जी। आपको विकास करना है तो दूसरा प्रोजेक्ट लाओ। विकास के नाम विनाश क्यों।

**भाटी बोले-** लोकतंत्र में क्या है- जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा शासक रहेगा। ये जनता राज करेगी। वो तमाम लोग, जिन्होंने हमें वोट देकर उस जगह बैठाया, आज वो पूरे क्षेत्र का सौदा कर बैठे और हम आज भी सिर नीचे कर बैठे रहेंगे तो आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी।

**10 साल के आंकड़े उठा लो, पता चल जाएगा कितने पेड़ सु रक्षित किए**

### पोकरण विधायक बोले- 20 साल पहले वाला ही हूं

पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- भाषण देने या माइक पकड़ने नहीं आया हूं। जैसे छत्रैल गांव में 20 साल पहले गोहत्या प्रकरण हुआ था उस समय जैसे मैंने धरना दिया था। इसके बाद अपने 7 लोगों को छुड़ाया था, आज भी वैसा ही हूं मैं। महंत प्रतापपुरी ने कहा- हम जयपुर से दिल्ली तक जाएंगे और आपकी आवाज उठाएंगे। हम सब एक है, अलग नहीं। मुख्यमंत्री ने हमको समय देकर हमारी बात को सुना है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि हम इस पर काम करेंगे। आप लोग भरोसा रखो प्रतापपुरी 90 साल का हो जाएगा तो भी 20 साल की तरह बनकर काम करेगा वहीं बीजेपी के पूर्व विधायक सांग सिंह भाटी ने कहा- विंद्र सिंह भाटी तो भूत बनकर सबके अंदर घुस गया है। जहां जाओ वहां बस भाटी के दीवाने ही नजर आते है। लोकप्रियता का ऐसा जलवा कम ही देखने को मिलता है इधर ओरण गोचर जमीन को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर से मिलने गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज, जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, गुरू गोरखनाथ, जिला प्रमुख प्रतापसिंह शामिल है। यह शिष्टमंडल जिला कलेक्टर से मुलाकात कर रहा है। जिसमें ओरण गोचर भूमि को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कराने को लेकर चर्चाएं कर रहे है। साथ ही ओरण व गोचर भूमि को निजी कंपनियों को आवंटित नहीं करने की मांग की जा रही है।

### नारायण भारती महाराज ने कहा ओरण जमीन राजस्व में दर्ज नही की तो जूतो का करूँगा त्याग

महन्त नारायण भारती महाराज ने कह दी बड़ी बात उन्हीने कहा अगर कंपनियों को जमीन आवंटन हो गई और ओरण को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नही किया तो जूतो का त्याग कर दूंगा

## श्रीजसवंत प्रदर्शनी एवं पशुमेला का शुभारम्भ आज

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर ।** ऐतिहासिक श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशुमेला-2025 का उद्घाटन शनिवार को प्रातः 8.30 बजे मेला मैदान में जिला कलक्टर एवं मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष कमर चौधरी के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ परम्परागत तरीके से किया जायेगा।पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक एवं मेला अधिकारी डॉ. रामकिशन महावर ने बताया कि श्रीजसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला 2025 में विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत 27 सितम्बर को प्रातः 8.30 बजे मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। 28 एवं 29 सितम्बर को पशु प्रतियोगिता आयोजित होगी साथ ही 29 सितम्बर को सांय 7 बजे भजन जिकडी, 30 सितम्बर को सांय 7 बजे नौटंकी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1 से 3 अक्टूबर तक कुश्ती दंगल एवं 1 अक्टूबर को सांय 7 ढोला गायन, 2 अक्टूबर को सांय 3 बजे श्री राम शोभायात्रा तथा सांय 6.30 बजे रावण दहन, 3 अक्टूबर को सांय 7 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 से 4 अक्टूबर तकनीकी सेमीनार आयोजित होगी व 4 को अक्टूबर को सांय 7 बजे बाजार प्रतियोगिता अथवा भजन संध्या, 5 अक्टूबर को सांय 7 बजे क्षेत्रीय कवि सम्मेलन अथवा लाफ्टर शो, 6 अक्टूबर को सांय 7 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन तथा सांय 3.30 बजे पारितोषिक वितरण एवं मेले का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

## श्रीराम गुप्ता बने अध्यक्ष, ओम प्रकाश तिवारी और विष्णू गुप्ता बने कार्यवाहक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

द डेस्प्रिंग





सोनभद्र थाना अनपरा परिक्षेत्र में आज 25/09/25 को अनपरा अग्रवाल धर्मशाला में टैक्सी यूनियन कल्याण समिति सम्पूर्ण भारत जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश के द्वारा एक विशेष कार्यक्रम रखा गया। जिसमें टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत की कार्यकारणी गठित किया गया था,जिसका नियुक्ति पत्र/आईडी कार्ड वितरण समारोह किया गया । जिसमे सिंगरौली जिले के पदाधिकारी शामिल होकर कार्यक्रम को भव्य बनाए । कार्यक्रम में शामिल रहे पदाधिकारी विजय साव राष्ट्रीय सचिव ,संभागीय अध्यक्ष -रफ़ीउल्ला बेग मिर्जा ,जिला कोषाध्यक्ष -अशोक मिश्रा जी,जिला सलाहकार -हीरा सिंह जी,जिला मंत्री -भूपेंद्र गुप्ता जी ,शहर सचिव -प्रदीप गुप्ता जी ,शहर उपाध्यक्ष -प्रदीप गुप्ता जी और अनपरा टीम पदाधिकारी सारथी समाज मोटर मालिक उपस्थिति रहे। नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड वितरण समारोह भव्य रूप से किया गया। यूनियन के बारे में चर्चाएं और मोटर मालिकों का हित कैसे हो इन विषयों पर चर्चाएं भी हुई। श्रीराम गुप्ता को टैक्सी यूनियन का अध्यक्ष बनाए जाने पर अनपरा के मोटर मालिकों में हर्ष का माहौल है।

**आई लव मोहम्मद पोस्टर विवादः**

# बरेली में जुमे की नमाज़ के बाद भीषण बवाल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

## बिना अनुमति प्रदर्शन के बाद बिगड़े हालात; कई बाज़ार बंद

### मौलाना तौकीर रज़ा की अपील पर उमड़ी भीड़

द डेस्प्रिंग









**(अनुभव मोहन सक्सेना ) / बरेली।** शहर में शुक्रवार को जुमे की नमाज़ के बाद आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर जमकर बवाल हुआ। मौलाना तौकीर रज़ा की अपील पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए, जिन्होंने बिना अनुमति के इस्लामिया ग्राउंड में प्रदर्शन करने की कोशिश की। पुलिस ने जब भीड़ को रोकने का प्रयास किया तो वे उग्र हो गए और पथराव व तोड़फोड़ शुरू कर दी। बवाल की शुरुआत इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (IMC) प्रमुख मौलाना तौकीर रज़ा की अपील के बाद हुई। मौलाना ने अपने समर्थकों से इस्लामिया ग्राउंड में जुटने और प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। जुमे की नमाज़ के बाद हज़ारों की संख्या में भीड़ सड़कों पर आ गई और जबरन ग्राउंड में घुसने की ज़िद पर अड़ गई। पुलिस ने जब बैरिकेड लगाकर भीड़ को रोका तो वे उग्र हो गए। उपद्रवियों ने धार्मिक नारेबाज़ी की और पुलिस पर भीषण पथराव शुरू कर दिया। ख़बरों के अनुसार, पथराव में छतों का भी इस्तेमाल किया गया। बारादरी और श्यामगंज क्षेत्र में सबसे ज़्यादा तनाव रहा। * पुलिस का लाठीचार्ज- हालात बेकाबू होते देख पुलिस को स्थिति नियंत्रण में लेने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज किया और उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे इलाके में भगदड़ मच गई। बवाल के बाद एहतियातन श्यामगंज की थोक मार्केट, किराना बाज़ार को बंद कर दिया गया। फ़िलहाल, शहर में स्थिति नियंत्रण में है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शहर में भारी पुलिस फ़ोर्स तैनात की गई है। पुलिस चप्पे-चप्पे पर गश्त कर रही है और ड्रोन की मदद से संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है। सूत्रों के हवाले से ख़बर है कि प्रशासन बिना अनुमति के प्रदर्शन आयोजित करने और बवाल भड़काने के आरोप में मौलाना तौकीर रज़ा पर FIR दर्ज करने की तैयारी कर रहा है। प्रशासन मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है। बरेली रेंज आईजी अजय साहनी ने मीडिया को आश्वस्त किया कि हम बरेली में सड़कों पर हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। नमाज़ सकुशल संपन्न हुई। कुछ लोग सड़कों पर नारे लगा रहे थे, पुलिस ने उन्हें वापस भेज दिया है। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों की तस्वीरें और वीडियो पुलिस के पास हैं, जिनके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित**

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की बनायें कार्य योजना-जिला कलक्टर

द डेस्प्रिंग



**भरतपुर ।** जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सभी विभाग पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सारस चौराहे पर बीडीए, नगर निगम और एनएचएआई तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से निरीक्षण कर दुर्घटना रोकथाम के लिये प्लानिंग करें।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर निराश्रित पशुओं को नगर निगम के सहयोग से पकडकर आसपास की गौशालाओं में पहुँचाऐं जिससे पशुजनित दुर्घटना रोकी जा सकें। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियमित रूप से टीम द्वारा पैट्रोलिंग करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाये गये निर्धारित बस स्टॉप पर ही बसों का ठहराव किया जाये साथ ही रोडवेज और प्राईवेट बस ऑपरेटरों के साथ बैठक करें। जिला कलक्टर ने एनएचआई को राष्ट्रीय राजमार्ग पर घनी आबादी क्षेत्र, अस्पताल, स्कूल व अन्य जनहित स्थानों के साईनेज प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दुपहिया वाहन चालकों को हैलमेट लगाने के लिए प्रेरित करें तथा प्रमुख चौराहों पर वाहनों को खड़ा नहीं होने दें। उन्होंने आरएसआरडीसी के अधिकारी को निर्धारित टोलों पर एम्बूलेंस सुविधा के प्रस्ताव तैयार की शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने भरतपुर-उच्चैन-बयाना सडक पर स्थित बीरमपुरा गांव में बरसात के पानी निकासी करते हुये भविष्य में जलभराव की स्थिति पैदा न हो इसके लिये स्थाई समाधान का प्लान तैयार करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरएसआरडीसी, नगरनिगम, बीडीए एवं संबंधित अधिकारी बरसात के कारण जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर आपदा प्रबन्धन विभाग को भिजवायें जिससे समय पर मरम्मत करवाई जा सके। उन्होंने कंजोली आरओबी की क्षतिग्रस्त सडक की शीघ्र मरम्मत कार्य करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने रूपवास ब्रिज प्रोजेक्ट को लेकर भी एनएचएआई के अधिकारियों से फीडबैक लिया।जिला कलक्टर ने जिले में हिट एंड रन के मामलों में घायल अथवा मृत्यु के प्रकरणों का फीडबैक लेते हुये कहा कि एनएचआई, पीडब्ल्यूडी, पुलिस और आरएसआरडीसी विभाग के अधिकारी दुर्घटना स्थलों पर घटना के कारणों का विश्लेषण करें। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी प्रकरणों की सूचना एसएचओ को संबन्धित उपखंड अधिकारी को दी जाये जिससे सरकार के पोर्टल पर सूचना भेजी जा सके। उन्होंने जिले के हिट एंड रन मामलों को समय पर पोर्टल पर अपलोड़ करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, अधीक्षण अभियन्ता सानिवि रिद्धीचन्द मीना, परिवहन अधिकारी इन्दु मीणा, पुलिस उप अधीक्षक (यातायात) नरेन्द्र कुमार, एनएचएआई के अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दौसा में मेरा युवा भारत ने मनाया अंत्योदय दिवस; रक्तदान शिविर में 23 यूनिट रक्त संग्रहित

द डेस्प्रिंग





**दौसा ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (MY Bharat) के तत्वावधान में दौसा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती (अंत्योदय दिवस - 2025) के अवसर पर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला युवा अधिकारी (माय भारत, दौसा) पूनम चौधरी के आदेशानुसार रश्मी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, दौसा में युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जबकि युवा समाजसेवी लोकेश शर्मा और उनकी टीम के समन्वय से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती समारोह –** रश्मी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य कैलाश चंद शर्मा ने किया। माय भारत के स्वयंसेवक लखन सिंह गुर्जर ने युवाओं के बीच पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन परिचय और कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। युवाओं को जोड़ने के लिए क्विज, निबंध, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### प्रतियोगिता के परिणाम-

* **चित्रकलाः प्रथम–** सृष्टि कुशवाह, द्वितीय- करीना सामरिया, तृतीय- नीमा कुशवाह।
* **निबंधः प्रथम–** ईशा महावर, द्वितीय- शेजल शर्मा, तृतीय- चैलसी राजोरिया।
* **क्विजः प्रथम–** केशव ग्रुप (योगिता नरानिया, योगेन्द्र, अनूप गुर्जर), द्वितीय- रानी लक्ष्मी बाई ग्रुप (रोहित मीणा, चंद्रा मौर्य, राशि सामरिया)।

सभी विजेताओं को स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चंद जी और राजेश कुमार वर्मा ने पुरस्कार वितरित किए। निर्णायक की भूमिका स्थानीय शिक्षकों ने निभाई।

### सफल रक्तदान शिविर का आयोजन

इसी कड़ी में, मेरा युवा भारत के तत्वावधान में युवा समाजसेवी लोकेश शर्मा और उनकी टीम के सहयोग से आर के जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित इस शिविर में स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कुल 23 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्रित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह प्रयास युवाओं को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक कार्यों से जोड़ने की मेरा युवा भारत की पहल का एक हिस्सा है।

# नाली निर्माण को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

द डेस्प्रिंग



**सोनभद्र ।** अनपरा परिक्षेत्र में अनपरा बाजार में प्रदेश मे भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खिया बटोर रहे अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने कटरा के सामने नाली निर्माण के नाम पर जमीन कब्जा करने के मामले मे शुक्रवार को व्यापारियों के विरोध के बाद भी काम शुरू कराये जाने पर आक्रोशित व्यापारियों ने दुकान बंद कर महावीर चौक पर जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए मौके पर पहुँचे चौकी प्रभारी रेणुसागर संतोष सिंह ने लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया तथा काम नहीं होने का आश्वासन दिया तब जाकर व्यापारियो ने धरना समाप्त किया राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष गोपाल दास गुप्ता व अनपरा व्यापार मंडल गोपाल चौरसिया के नेतृत्व मे आक्रोशित व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकाने बंद कर महावीर चौक पहुंच नगर पंचायत अध्यक्ष होश मे आओ, नगर पंचायत मुर्दाबाद, ईओ मुर्दाबाद आदि जमकर नारेबाजी की उन्होंने कहा कि जब गुरुवार को ईओ ने कार्य बंद कराया तो शुक्रवार को कार्य फिर कैसे और क्यों शुरू किया गया जबकि तय हुआ था कि राजस्व विभाग व उच्चाधिकारियो द्वारा पहले जांच की जाएगी फिर कार्य होगा 40 साल पुरानी नाली से दस मीटर बढ़ाकर आगे नाली बनाने का कौन सा औचित्य है अगर नई नाली बनाना ही है तो पुरे बाजार की नाली बनाया जाये व्यापारियों ने कहा कि नाली के नाम पर सरकारी धन का दुरूपयोग व जमीन कब्जा करने की मंशा को जनता खूब समझ रही है अगर नाली बनेगी तो पुरे बाजार की बनेगी नहीं तो कोई नई नाली नहीं बनने दी जाएगी जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ठ्ठ कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष के गुर्गे उनके ऊपर एस सी एस टी लगवाने की धमकी दे रहे है जिसे कत्तई बर्दास्त नहीं किया जायेगा द्य उन्होंने कहा कि धमकी देने वालो पर लिखित शिकायत देने के वावजूद प्रशासन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया द्य जिससे व्यापारियो मे भारी आक्रोश ब्याप्त है भूमि कब्जे को दृष्टि से बन रही नाली के कार्य को तत्काल प्रभाव से बन्द होना चाहिए

# विकसित भारत के रंग कला के संग पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (ष्ष्टक्रञ्ज) उदयपुर द्वारा सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नवीन विद्याधर नगर, जयपुर में "विकसित भारत के रंग कला के संग" थीम आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 900 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का अवलोकन सीसीआरटी के फील्ड ऑफिसर



अभीक सरकार, सुनील भंडारी, सीबीईओ झोटवाड़ा सिटी संतोष वर्मा एवं जयपुर क्षेत्र समन्वयक राजेंद्र शर्मा हंस ने किया। सीसीआरटी की एक्सपर्ट टीम द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया। कक्षा 6 की छात्रा यशस्वी मुंडोतिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दस हजार रुपए की सम्मान राशि जीती। इसके अलावा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को कलर किट और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम प्रभारी दिनकर शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में सृजनात्मकता और राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करती हैं।

# खाटू श्याम की नगरी रामगढ़ में निकली राम बारात बड़ी धूमधाम से जनता का उमड़ा सैलाब

द डेस्प्रिंग

**अलवर /अमितभारद्वाज ।** अलवर का सिंह द्वार खाटू श्याम की नगरी रामगढ़ कस्बे में बड़ी धूमधाम



से निकली राम बारात . रामगढ़ कस्बे के किले के पास ठाकुर जी महाराज के मंदिर से बारात का आयोजन किया गया जो में बाजार से होती हुई सीधी रामलीला ग्राउंड पर पहुंची उसे दौरान



रामगढ़ के गण मान्य नागरिकों द्वारा ठंडा जल की प्याऊ व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम जगह जगह पर रखा बारात में सबसे आगे आगे घोड़े हाथी ऊंट की बगिया तैयार होकर चल रही थी जिनपर भगवान राम खाटू श्याम शंकर शंकर भगवान कई मनी की वेशभूषा में उन रथ पर बैठे थे उनको देखने के लिए रामगढ़ कस्बे की उमड पड़ी डीजे की धुन पर लोग नाश्ते गाते झूम रहे थे जय श्री राम के नारे लग रहे थे पूरा माहौल भक्ति में हो गया जगह-जगह पर फूल माला दीप जलाकर भगवान राम की आरती की गई इस अवसर पर कांग्रेस नेता भूतपूर्व सैनिक जयराम मीणा भाजपा नेता लाखन शर्मा कांग्रेस नेता अनिल जैन सरपंच देवेंद्र दत्ता श्याम कमेटी के अध्यक्ष जवाहर तनेजा पंजाबी समाज के अध्यक्ष रिंपी सतीजा . दिनेश शर्मा एडवोकेट भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान सैनी गोविंद सैनी रिंकू बाबा अमित भारद्वाज दिनेश यादव वह रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामावतार शर्मा धर्मवीर गुर्जर कमल सिंह बबली अग्रवाल कपिल शर्मा रामावतार शर्मा जिंदर पंजाबी रमेश कालडा काली

# मुकुंद विहार में नवरात्रि में गरबा महोत्सव की धूम, डांडियों की खनक के और माँ दुर्गा की आराधना के साथ प्रतिदिन थिरक रहे है मौहल्लेवासी

द डेस्प्रिंग

**पाली ।** नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष मुकुंद विहार नवयुवक मंडल आयोजक समिति द्वारा प्रथम बार नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रंग बिरंगे परिधान में बच्चों से लेकर महिलाएं और युवा डांडिया की धुन पर माँ शक्ति की आरधना के साथ प्रतिदिन थिरक रहे हैं। मुकुंद विहार नवयुवक मंडल आयोजक समिति के देवेंद्र कच्छवाह नें बताया कि प्रथम बार आयोजित किए जा रहे इस आयोजन में समिति द्वारा विशेष तैयारियों के साथ गरबा और डांडिया रास के लिए विशेष बैठक और आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की गई है। महोत्सव में रंग-बिरंगे परिधान और पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं, युवक-युवतियाँ डांडिया की थाप पर थिरकते



हुए प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी प्रदान कर रहे है। युवा, बुजुर्ग, बच्चे महिलाएं और युवतियाँ भी बढ़- चढ़कर इसमें भाग ले रही हैं। इस रंगारंग उत्सव में पारंपरिक वस्त्रों के साथ सभी गरबा ताल से ताल मिलाकर कर रहे हैं। प्रथम बार मुकुंद विहार महिला मंडल भी इस आयोजन में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है। आयोजन समिति का कहना है कि नवरात्रि का पर्व सांस्कृतिक पहचान हैं, जो समाज में आपसी एकता, उत्साह और आनंद का संदेश देते हैं। यह भव्य धार्मिक आयोजन मुकुंद विहार की सामुदायिक गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।मौहल्लेवासियों का कहना है की गरबा एक ऐसा आनंदमय उत्सव है, जो लोगों को सांस्कृति और परंपरा से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही यह भावनाओं तथा अपनेपन को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

सादर प्रकाशनार्थ मुकुंद विहार नवयुवक मंडल गरबा महोत्सव आयोजन समिति

# भारत को जानो प्रतियोगिता में मंडावर की टीमें अव्वल, प्रांत स्तर पर करेंगी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व

द डेस्प्रिंग

**मंडावर/मनोज खंडेलवाल ।**भारत विकास परिषद, शाखा मंडावर द्वारा आयोजित 'भारत को जानो' प्रतियोगिता पंचायती धर्मशाला में उत्कृष्ट रूप से संपन्न हुई। इस बौद्धिक महाकुंभ में शाखा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से वरिष्ठ और कनिष्ठ वर्गों की कुल 18 टीमों के 36 ऊर्जावान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जो क्षेत्र की युवा प्रतिभा और ज्ञान के प्रति उनकी लगन को दर्शाता है। प्रतियोगिता संयोजक संतोष अग्रवाल ने बताया कि कई कड़े चक्रों के आधार पर निर्णायक परिणाम घोषित किया गया। परिणामों के अनुसार, वरिष्ठ वर्ग में राजकीय



उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसीदपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार, कनिष्ठ वर्ग में आज़ाद बाल विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान हासिल किया और आदर्श विद्या मंदिर की टीम उपविजेता बनी। यह उल्लेखनीय है कि दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीमें अब आगामी 28 सितंबर को प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए हिंडौन सिटी रवाना होंगी, जहाँ वे मंडावर शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता शाखा अध्यक्ष अनिल मित्तल, सचिव सुमित खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल, प्रकल्प प्रभारी विष्णु गुप्ता और राजेंद्र गुप्ता सहित परिषद् के सभी प्रमुख सदस्यों (रविंद्र सिंहल, दिनेश गुप्ता, चंद्रशेखर सिंहल, अनंत अग्रवाल, दिनेश चंद्र शर्मा) की सशक्त देखरेख और मार्गदर्शन में अत्यंत निष्पक्ष और आदर्श क्रम में सम्पन्न हुई। परिषद् का यह प्रयास न केवल विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि उन्हें देश की संस्कृति और इतिहास से गहराई से जोड़ने का राष्ट्रीय संकल्प करता है।

### मंडावर में विद्या भारती का वैचारिक मंथनः एकात्म मानववाद के पथ पर शिक्षा की जाँच

# दीनदयाल जयंती पर चिंतन, स्वदेशी सप्ताह के संकल्प के साथ प्रांतीय निरीक्षण संपन्न

द डेस्प्रिंग

**मंडावर / मनोज खंडेलवाल ।** विद्या भारती संस्था, जयपुर प्रांत की शैक्षिक उत्कृष्टता और वैचारिक प्रतिबद्धता की जाँच हेतु आज 25 सितंबर 2025 को उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, मंडावर में एक गहन प्रांतीय निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल स्कूल की व्यवस्थाओं का जायजा भर नहीं था, बल्कि विद्या भारती के मूल 'एकात्म मानव दर्शन' को शिक्षा के धरातल पर क्रियान्वित करने की गंभीर समीक्षा थी। कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रीय संस्कारों के अनुरूप, प्रांतीय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे (जयपुर प्रांत) और जिला सचिव संतोष कटारा (भरतपुर) द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर की महत्ता को बढ़ाते हुए, दुबे ने आज की तिथि (25 सितंबर) पर जन्मे महान दार्शनिक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के युगांतरकारी चिंतन पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीनदयाल का 'एकात्म मानववाद'



सिद्धांत, मानव के केवल आर्थिक या भौतिक विकास पर नहीं, बल्कि उसके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक चारों आयामों के समन्वित उन्नयन पर केंद्रित है। उनका दर्शन यह दृढ़ता से मानता है कि भारत की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब वह अपनी अद्वितीय संस्कृति, समृद्ध परंपरा और आत्मनिर्भरता के मार्ग को अपनाए। दुबे ने इसी वैचारिक कड़ी को राष्ट्रहित से जोड़ते हुए 'स्वदेशी सप्ताह' के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि यह सप्ताह 25 सितंबर (पंडित दीनदयाल जयंती) से शुरू होकर 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी जयंती) तक चलता है, जिसका मूल राष्ट्रीय संकल्प है स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देना, विदेशी निर्भरता को समाप्त करना और देश के छोटे व कुटीर उद्योगों को सबल बनाकर राष्ट्र को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना। विचार-सत्र के उपरांत, शैक्षणिक दक्षता की समीक्षा के लिए निरीक्षण दल ने मोर्चा संभाला। दल के विशेषज्ञ शिक्षकों ने प्रत्येक कक्षा की पठन-पाठन प्रक्रिया का सूक्ष्म और गहन अवलोकन किया। दल में गणित (राकेश गुर्जर सिकंदरा प्रधानाचार्य), विज्ञान (विजेंद्र गौड़), अंग्रेजी (विश्राम), संस्कृत (हरिओम जांगिड़), हिंदी (घनश्याम योगी), कार्यालय (पवन शर्मा), सामाजिक विज्ञान (अवधेश शर्मा), और शिशु वाटिका (सुभाष शर्मा)। इस महत्त्वपूर्ण निरीक्षण और वैचारिक समन्वय के अवसर पर जिला संस्कार केंद्र प्रमुख राकेश कुमार शर्मा, स्थानीय प्रधानाचार्य श्रीमान देवी सिंह राजपूत, एवं समस्त आचार्य/आचार्या उपस्थित रहे।

# नवाचार का संगमः राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**कोटा ।** भारत सरकार द्वारा नवाचार और तकनीकी समाधान की दिशा में युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का सफल आयोजन किया गया। सह जन सम्पर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ नें बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कुलगुरु डॉ. भगवती प्रसाद सरस्वत, डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रो. दिनेश बिरला और एसएसी चेयरमैन डॉ. राजश्री तापड़िया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न समस्या विवरण दिए जाते हैं, जिन पर वे लगातार 36 घंटे कार्य करते हुए समाधान तैयार करते हैं। ये समस्याएँ सीधे तौर पर सरकारी विभागों, निजी उद्योगों और सामाजिक चुनौतियों से जुड़ी होती हैं। इस वर्ष हैकाथॉन में समस्या विवरणों को कई श्रेणियों में बाँटा गया था, जिनमें प्रमुख हैं- टेक्नोलॉजी, एजुकेशन, बायोमेडिकल, एग्रीकल्चर, स्मार्ट ट्रांसपोर्टेशन, एनर्जी, पर्यावरण संरक्षण, गवर्नेंस, सुरक्षा एवं रक्षा। इन श्रेणियों के अंतर्गत छात्रों को शिक्षा





व्यवस्था को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली विकसित करने, हेल्थकेयर को आसान व सुलभ बनाने, पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को कम करने, ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने और साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर काम करने का अवसर मिला।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम को एसपीओसी डॉ. दीपक भाटिया के निर्देशन में विश्वविद्यालय की 75 से अधिक टीमों ने भाग लेकर अपनी तकनीकी दक्षता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के नवोन्मेषी विचारों और सामाजिक दृष्टिकोण से जुड़े समाधानों की विशेष सराहना की। प्रतिभागी टीमों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा और पर्यावरण जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की समस्याओं पर अपने समाधान प्रस्तुत किए। निर्णायकों का मानना था कि छात्रों द्वारा प्रस्तुत कई विचार भविष्य में समाज और उद्योग दोनों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। डॉ. दीपक भाटिया ने कहा कि "स्मार्ट इंडिया हैकथॉन युवाओं को न केवल तकनीकी उत्कृष्टता की ओर ले जाता है, बल्कि उन्हें समाजोपयोगी सोच विकसित करने के लिए भी प्रेरित करता है। प्रतिभागियों को गंभीर और रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करके, हैकाथॉन का उद्देश्य अकादमिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच के अंतर को कम करना है। निर्णायक मंडल में डॉ निर्मला शर्मा, सपसड़र सपना गुप्ता , डॉ दिनेश सोनी डॉ शोभी बग्गा , डॉ सीमा अग्रवाल, डॉ सुमित त्रिपाठी व अन्य संकाय सदस्य रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से श्रीयंश अग्रवाल, नवीन बंसल, अफशान अली, आशीष मीणा, भाविका गोयल, सौम्य शर्मा, सोमांशु गुप्ता और अन्य छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# दौसा में मेरा युवा भारत ने मनाया अंत्योदय दिवस; रक्तदान शिविर में 23 यूनिट रक्त संग्रहित

द डेस्प्रिंग

**दौसा ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' (MY Bharat) के तत्वावधान में दौसा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती (अंत्योदय दिवस - 2025) के अवसर पर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला युवा अधिकारी (माय भारत, दौसा) पूनम चौधरी के आदेशानुसार रश्मी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, दौसा में युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जबकि युवा समाजसेवी लोकेश शर्मा और उनकी टीम के समन्वय से रक्तदान शिविर का सफल



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती समारोह

आयोजन हुआ। रश्मी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य कैलाश चंद शर्मा ने किया। 'माय भारत' के स्वयंसेवक लखन सिंह गुर्जर ने युवाओं के बीच पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन परिचय और कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। युवाओं को जोड़ने के लिए क्विज, निबंध, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



## प्रतियोगिता के परिणाम

**चित्रकला** प्रथम- सृष्टि कुशवाह, द्वितीय- करीना सामरिया, तृतीय- नीमा कुशवाह।

**निबंध** प्रथम- ईशा महावर, द्वितीय- शेजल शर्मा, तृतीय- चैलसी राजोरिया।

**क्विज** प्रथम- केशव ग्रुप (योगिता नरानिया, योगेन्द्र, अनूप गुर्जर), द्वितीय- रानी लक्ष्मी बाई ग्रुप (रोहित मीणा, चंद्रा मौर्य, राशि सामरिया)। सभी विजेताओं को स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चंद जी और राजेश कुमार वर्मा ने पुरस्कार वितरित किए। निर्णायक की भूमिका स्थानीय शिक्षकों ने निभाई।

## सफल रक्तदान शिविर का आयोजन

इसी कड़ी में, 'मेरा युवा भारत' के तत्वावधान में युवा समाजसेवी लोकेश शर्मा और उनकी टीम के सहयोग से आर के जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित इस शिविर में स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कुल 23 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्रित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह प्रयास युवाओं को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक कार्यों से जोड़ने की 'मेरा युवा भारत' की पहल का एक हिस्सा है। रक्तदाताओं को माय भारत की टीशर्ट स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की गई। जिला चिकित्सालय के अधिकारियों और ब्लड बैंक स्टाफ ने भी लोकेश शर्मा एवं माय भारत दौसा टीम के इस सराहनीय कदम की सराहना की।

# राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत राजस्थान का दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन का किया शुभारंभ



द डेस्प्रिंग

**रामगढ़ अलवर / राजस्थान अमित भारद्वाज ।** शैक्षिक सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लाल राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत राजस्थान में करण सिंह चौधरी जिला अध्यक्ष अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत द्वारा किया गया सम्मेलन के प्रथम दिवस में शिक्षा शिक्षक व शिक्षार्थियों के भावी जीवन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास स्वरोजगार तथा शिक्षा को उच्च स्तर पर लाने के लिए मंथन किया गया सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री मोहित कुमार सैनी उपसभा अध्यक्ष जसवंत कुमार जिला अध्यक्ष राधेश्याम संरक्षक रोहतास सिंह पूनम ढाणावत हेमेंद्र बाली पिंकी शर्मा विनोद जाजोरिया कैलाश शर्मा मोनिका वर्मा कविता सेन रवि खुशहाल गुप्ता तथा संगठन के समस्त पदाधिकारी सहित काफी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया

# रानी मेन बाजार शीतला चौक मे गरबा नृत्य

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** मेन बाजार शीतला चौक मे कई वर्षो से गरबा आयोजत हो रहा है ! अम्बे मॉ की आरती के साथ गरबा नृत्य शुरू होता है जो देर रात चलता है , डि जे पर माताजी के रीमेक्स गानो पर महिलाए , लड़किया , छोटी बच्ची या नृत्य कर ती उत्साह देखने लायक होता है , विभिन्न नवीन वेश भूषा में महिलाए गरबा नृत्य करती है ! सामूहिक रूप से ईनाम दिया जाता है ! क्रम वाईज प्रसाद तथा ईनाम की व्यवस्था भामा शाह की तरफ से की जाती है ! साऊन्ड की व्यवस्था, टेन्ट तथा डेकोरेशन की व्यवस्था सार्वजनिक तौर की जाती है , माताजी दर्शन हेतु कई सैले बट्री आते है ! 30 को विशेष प्रोग्राम है , महिलाए गरबा एक घेरे मे नृत्य करती है इस कार्य करम को गरबा समिति आयोजीत करती है



# एक शाम आशापुरा माँ के नाम विशाल भजन संध्या

द डेस्प्रिंग

**नाडोल/नगराज वैष्णव ।** देव नगरी मे आशापुरा माताजी मंदिर प्रागण मे एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा ता:29 सितम्बर2025 शाम 8 बजे से तथा भोजन प्रसादि 30 सितम्बर 2025 सुबह10 बजे से भजन गायक कलाकार सुप्रसिद्ध प्रकाश माली एण्ड पार्टि बालोतरा तथा गायिका खुशबु कुम्भट जोधपुर तथा गायक कलाकार अशोक प्रजापत बालोतरा आयोजन कत्ती श्रीमती शोभा चौहान विधायक सोजत , श्री राजेश जी चौहान (RAS) एवं समस्त चौहान परिवार रायपुर भजन संध्या स्थान आशापुरा मंदिर नाडोल जिला पाली राजस्थान



# विश्व पर्यटकों के लिये अनंत संभावनाओं का देश है भारत



ललित गर्ग

**विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है।**

विश्व पर्यटन दिवस- 27 सितम्बर, 2025 इस बात का स्मरण कराता है कि पर्यटन केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार स्तंभ है। इस वर्ष की थीम कुछ स्त्रोतों में 'पर्यटन और हरित निवेश' या 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' बतायी जा रही है जिसका उद्देश्य पर्यटन को स्थिरता और समावेशिता के साथ बढ़ावा देना है। यह थीम स्थायी पर्यटन के लिए हरित निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है, जो समुदायों और ग्रह दोनों के लिए फायदेमंद है। जिसके माध्यम से, पर्यटन में वैश्विक सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें हरित निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करना शामिल है। यह दिवस मनाते हुए भारत की पर्यटन संभावनाओं पर चिन्तन-मंथन करना जरूरी है। क्योंकि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में पर्यटन की संभावनाएं अनंत हैं। यहाँ हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर गोवा और अंडमान के समुद्र तटों तक, काशी और बोधगया की आध्यात्मिक आभा से लेकर अजमेर और पुष्कर की आस्था तक, केरल के बैकवाटर्स से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान तक हर अनुभव अपने आप में अद्वितीय है। यही कारण है कि भारत का पर्यटन उद्योग आज नई उड़ान भर रहा है और वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है।

विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है।

भारत में पर्यटन के आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक हैं। यह भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है और करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन चुका है। गाँवों और कस्बों तक पर्यटन का असर पहुँच रहा है, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और खानपान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। विदेशी पर्यटक न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से प्रभावित होते हैं। पर्यटन के सामाजिक प्रभाव भी उल्लेखनीय हैं। यह



सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनकर विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाता है। महिला सशक्तिकरण और युवा उद्यमिता को पर्यटन ने नया आयाम दिया है। होम-स्टे, गाइडिंग, हस्तशिल्प और लोक-कलाओं में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। यही नहीं, ग्रामीण पर्यटन ने गाँवों को विकास के नए अवसर प्रदान किए हैं और पलायन की समस्या को कम करने की क्षमता दिखाई है।

राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से भी पर्यटन भारत की सॉ ट पावर को मजबूत करता है। 'इनक्रेडिबल इंडिया' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने भारत की वैश्विक पहचान को और गहरी किया है। हाल के वर्षों में भारत ने जी-20 जैसे आयोजनों के जरिए अपने पर्यटन स्थलों की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, जिससे न केवल राजनीतिक विश्वास बढ़ा बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विस्तार भी हुआ। पड़ोसी देशों के साथ बौद्ध और आध्यात्मिक सर्किट की योजनाओं ने भारत को एशिया का आध्यात्मिक केंद्र स्थापित करने में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को भारत की शक्ति बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा', 'देखो अपना देश' अभियान और 'प्रोजेक्ट आध्यात्मिक सर्किट' जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन को जन-आंदोलन का रूप दिया है। योग और आयुर्वेद को विश्वभर में लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों ने भारत को हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बना दिया है। मोदी सरकार स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, हवाई अड्डों का विस्तार, चारधाम परियोजना, उच्च गति रेल और 'भारतमाला' जैसी योजनाएं पर्यटन को नई सुविधाओं से जोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि भारत का हर गाँव और हर शहर अपने आप में एक अनोखा पर्यटन स्थल है और उसकी कहानी दुनिया तक पहुँचाई जानी चाहिए। आज जब डिजिटलाइजेशन ने पर्यटन को नई दिशा दी है, ऑनलाइन टिकटिंग, वर्चुअल टूर और एआई आधारित यात्रा मार्गदर्शन ने पर्यटन को आधुनिक युग से जोड़ दिया है। सस्टेनेबल टूरिज्म पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा बनी रहे। मिलेनियल्स और नई पीढ़ी अनुभव-आधारित और साहसिक पर्यटन की ओर आकर्षित हो रही है और भारत इस अवसर को भुनाने में आगे बढ़ रहा है।

भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है।

भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। पुखराज सेठिया की पुस्तक 'आओ घूमे अपना देश' एक सार्थक एवं उपयोगी पुस्तक है। विश्व पर्यटन दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत के पास विश्व को दिखाने के लिए अनंत वैभव और विविधता है। यदि हम पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक सुविधाओं और वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन का विकास करें तो आने वाले समय में भारत न केवल एक पर्यटन शक्ति बनेगा बल्कि अपनी आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर से विश्व का नेतृत्व भी करेगा।

# अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर पर मंडावर में चिकित्सा विभाग की बड़ी कार्रवाई : सात दिन में लीगल दस्तावेज पेश करने का दिया अल्टीमेटम,मचा हड़कंप

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / मंडावर।** कस्बे के राजकीय चिकित्सालय के ठीक सामने संचालित परेवा डायग्नोस्टिक सेंटर पर शुक्रवार को चिकित्सा विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सेंटर को सीज कर दिया। दौसा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीताराम मीना के आदेश पर यह कार्रवाई महवा बीसीएमओ डॉ. रोहित कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने अंजाम दी। जांच के दौरान जब संचालक से वैध लाइसेंस और कानूनी दस्तावेज मांगे गए, तो वह पेश नहीं कर सका। टीम ने तत्काल प्रभाव से सेंटर को सीज करते हुए संचालक को सात दिन की सख्त समय सीमा दी और चेतावनी दी कि यदि समय पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तो सेंटर को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। इसे लेकर चिकित्सा विभाग के बीसीएमओ डॉ. शर्मा ने बताया कि विभाग को परेवा डायग्नोस्टिक सेंटर के अवैध संचालन की गंभीर शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर सीएमएचओ के आदेशानुसार शुक्रवार सुबह टीम मंडावर पहुंची और मौके पर गहन जांच की। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सेंटर बिना किसी वैध लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और कानूनी अनुमति के संचालित हो रहा था। टीम ने जब संचालक से दस्तावेज मांगे, तो उसने तुरंत कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थता जताई और सात दिन का समय मांगा। टीम ने उसे यह समय तो दिया लेकिन साथ ही यह स्पष्ट चेतावनी भी दी कि निर्धारित अवधि में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम में डॉ. नरसीराम मीना, डॉ. अनीता मीना, भारत सिंह मीना और



गोपीसहाय मीना शामिल रहे।

### कार्रवाई की खबर फैलते ही मचा हडकंप, हुये भूमिगत।

जैसे ही यह कार्रवाई हुई, पूरे मंडावर कस्बे और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। लंबे समय से बिना अनुमति के डायग्नोस्टिक सेंटर चलाने वाले संचालक और झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकानें छोड़कर भूमिगत हो गए। कईयों ने मोबाइल तक बंद कर दिए। अस्पताल रोड, बस स्टैंड रोड, सूर्य नगर, पाखर रोड, बंगाली वाली गली से लेकर गढ़ हिम्मतसिंह, पाडला और ऊकरूदं व हिंगोटा तक ऐसे अवैध डायग्नोस्टिक सैंटर व अवैध झोलाछोप डॉक्टर इस कार्रवाई की भनक लगते ही अधिकांश गायब हो गए और फोन पर एक-दूसरे से विभाग की गतिविधियों की आपस में जानकारी लेते रहे।

### पूर्व में गलत इंजेक्शन से हुई थी अधेड की मौत, फिर भी नहीं सुधरे हालात।

कुछ माह पहले गढ़ हिम्मतसिंह में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से मंडावर क्षेत्र के एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद चिकित्सा विभाग हरकत में आया था और चिकित्सा विभाग के सीएमएचओ सीताराम मीना के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई कर मंडावर शहर में कई अवैध झोलाछाप डॉक्टरो के क्लीनिक सीज कर उपकरण जब्त किए और पुलिस में मामला भी दर्ज कराया गया था व तब आरोपी झोलाछापो को पुलिस ने हिरासत में भी लिया था। लेकिन उसी दिन पुलिस ने उक्त झोलाछापो को छोड़ दिया था। इस तरह कानूनी कार्रवाई की कमजोरी ने झोलाछापों के हौसले और बुलंद कर दिए। अब वे पहले से भी ज्यादा बेखौफ होकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं व जमकर लूटखसोट मचा रहे हैं। अब इस ताजा कार्रवाई के बाद लोगो में उम्मीद जगी है कि विभाग अब अवैध झोलाछाप डॉक्टरो के क्लिनिको और अवैध डायग्नोस्टिक सेंटरों पर लगातार दबिश देगा। ताकि आमजन की जान से हो रहे खिलवाड़ पर स्थायी रोक लगाई जा सके।

### चिकित्सा टीम ने रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंपी, अगले चरण में कानूनी कार्रवाई।

मौके पर जांच पूरी करने के बाद टीम ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेज दी है। रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि संचालक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं हैं। सात दिन की अवधि में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर सेंटर को स्थायी रूप से सीज करने और संचालक पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। यह कार्रवाई मंडावर और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह कार्रवाई न केवल एक अवैध सेंटर पर ताला लगाने की प्रक्रिया है, बल्कि क्षेत्र में फैल चुके अवैध स्वास्थ्य व्यवसायों को खत्म करने की दिशा में बडा निर्णायक कदम भी माना जा रहा है। लोगों का मानना है कि अगर इस बार चिकित्सा विभाग ने सख्ती दिखाई तो ही अवैध डायग्नोस्टिक सैंटरो व झोलाछापो के द्वारा आमजन की सेहत से हो रहे खिलवाड़ व लूटखसोट को रोका जा सकेगा।

# विकसित भारत के रंग कला के संग पेंटिंग प्रतियोगिता



द डेस्प्रिंग

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (CCRT) उदयपुर द्वारा जयपुर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नवीन विद्याधर नगर जयपुर में सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 25) के अंतर्गत विकसित भारत के रंग कला के संग थीम आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में स्कूल के लगभग 900 विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता का अवलोकन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संस्था सी सी आर टी के फील्ड ऑफिसर अभीक सरकार , सुनील भंडारी , सी बी ई ओ झोटवाड़ा सिटी संतोष वर्मा एवं जयपुर क्षेत्र समन्वयक राजेंद्र शर्मा हंस ने किया। इस अवसर पर सी सी आर टी की एक्सपर्ट टीम द्वारा पेंटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 स्टूडेंट्स का चयन किया गया। प्रथम स्थान कक्षा 6 की छात्र यशस्वी मुंडोतिया ने प्राप्त किया जिनको पुरस्कार स्वरूप भारत सरकार की ओर से दस हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई है । इसके अलावा सभी संभागी विद्यार्थियों को कलर किट एवं प्रमाण पत्र दिए गए। यह जानकारी कार्यक्रम प्रभारी दिनकर शर्मा द्वारा दी गई।

# माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की ओर से 51 नीम के पौधों का पौधारोपण

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय के फाउंडेशन डे के अवसर पर 51 नीम के पौधों का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर चांसलर हिम्मत सिंह देवल ने कहा कि पर्यावरण में हवा की शुद्धता और ऑक्सीजन की उपलब्धता मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पेड़-पौधों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण के प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।प्रेसीडेंट डॉ. राजीव माथुर ने बताया कि नीम औषधियों से भरपूर है और ऐसे वृक्षारोपण कार्यक्रम वातावरण को नई दिशा देते हैं। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने हजारों पौधे लगाए हैं, जिनमें नीम, जामुन, चंदन, शीशम, सेमल और मीठा नीम शामिल हैं। होम्योपैथी विभाग की निदेशक डॉ. भारती देसाई ने कहा कि विद्यार्थियों और कर्मचारियों द्वारा वर्षभर आयोजित पर्यावरण सुधार कार्यक्रमों का यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गीतम सिंह ने बताया कि वर्षभर बरसात के मौसम से लेकर कई बार पौधारोपण किया गया है। परिसर के औषधीय बगीचे, इंडोर स्टेडियम और छात्रावास के पास लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजन उपलब्ध कराएंगे और कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण करेंगे।कार्यक्रम का



संचालन सहायक आचार्य डॉ. प्रमोद आमेटा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. प्रीति महावर, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. विशाल कुमार चौधरी, डॉ. शेखर देसाई, डॉ. सीताराम सीरवी, श्री कैलाश परिहार, अभिलाषा राय और श्री वीरेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने इस पौधारोपण कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायक बनाया, उन्होंने बताया कि माधव विश्वविद्यालय हमेशा से पर्यावरण सुधार और वृक्षारोपण में अग्रणी रहा है और भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# माधव विश्वविद्यालय और प्रोपग्रो प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू हस्ताक्षरित, छात्रों को मिलेगा 8 लाख से 20 लाख रुपये वार्षिक पैकेज एवं आकर्षक इंटर्नशिप अवसर

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट करियर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय और प्रोपग्रो प्राइवेट लिमिटेड के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौते के अंतर्गत आगामी कैंपस ड्राइव में चयनित छात्रों को न्यूनतम 8 लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक का वार्षिक पैकेज सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, कंपनी छात्रों को आकर्षक स्टाइपेंड के साथ इंटर्नशिप अवसर भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों में अपार उत्साह देखा गया। सह-संस्थापक प्रोपग्रो प्राइवेट लिमिटेड सुश्री साक्षी दुबे ने कहा कि हमारा लक्ष्य युवा प्रतिभाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। माधव विश्वविद्यालय के छात्र मेहनती और प्रतिभाशाली हैं, और यह साझेदारी उन्हें नए अवसरों की






ओर ले जाएगी।प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम प्रोपग्रो प्राइवेट लिमिटेड के आभारी हैं। यह समझौता हमारे विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक अवसर है और हम इस सहयोग को लंबे समय तक आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि ऐसे समझौते छात्रों और संस्थान दोनों की प्रगति के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। यह कदम न केवल रोजगार बल्कि कौशल विकास को भी गति देगा। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट निदेशक डॉ. अतुल मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एमओयू हमारे छात्रों के लिए रोजगार और करियर विकास का सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय हमेशा से अपने विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह समझौता विश्वविद्यालय और उद्योग के बीच सहयोग का एक और उदाहरण है, जो छात्रों को उच्च वेतन पैकेज और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से करियर के लिए तैयार करेगा।

# रानी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर विधायक केसाराम चौधरी तथा रानी भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गेहलोत ने सौंपा ज्ञापन

द डेसिंप्रग

**पाली, रानी /नगराज वैष्णव ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल रानी शहर की ओर से केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को रानी रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन भेजा गया।ज्ञापन में बताया गया कि रानी स्टेशन के आसपास करीब 250 गाँव बसे हुए हैं और प्रतिदिन हजारों लोग यात्रा करते हैं। इसके बावजूद कई महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनें रानी स्टेशन पर नहीं रुकती, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा होती है।

इस अवसर पर मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी के सानिध्य में रानी भाजपा शहर मंडल


केसाराम चौधरी
विधायक, मारवाड़ जंक्शन
क्रमांक 218
दिनांक 24/9/25
श्रीमान अश्विनी वैष्णव
माननीय रेलमंत्री
भारत सरकार, नई दिल्ली
विषय: विधानसभा क्षेत्र मारवाड़ जंक्शन के रानी स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव करने के क्रम में।
(1)हिसार से सिकंदराबाद 22738/22737
(2)मुजफ्फरनगर से पोरबंदर 19270/19269
(3)जोधपुर से बैंगलोर 16533/16534
(4)बिकानेर से बांद्रा 22473/22474
(5)श्रीगंगानगर से तिरूचिरापल्ली 22479/22498





अध्यक्ष हरीश गेहलोत द्वारा ज्ञापन सौंपकर कहा गया कि रानी स्टेशन क्षेत्र आर्थिक, धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहाँ ट्रेनों का ठहराव आवश्यक है ताकि, यात्रियों को सुविधा मिल सके और व्यापार व पर्यटन को भी बढ़ावा मिले।

भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि इन ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर व्यापार व पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। रानी के लिए विधायक ने पॉच ट्रैनो का ठहराव का ज्ञापन सौपा ! जनता के लिए कोई भी ज्ञापन दे रानी गाडियो का ठहराव होना चाहिए ! मद्रास की गाडी का ठहराव भी होना चाहिये !

### ज्ञापन में जिन ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई है, उनमें प्रमुख रूप से

1. अजमेर-नगर के बीच चलने वाली ट्रेन (16208/16209)
2. अहमदाबाद-वाराणसी सुपरफास्ट (22735/22736)
3. जोधपुर-इंदौर ट्रेन (12974/12973)
4. अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (19409/19410)
5. अजमेर-सिकंदराबाद ट्रेन (17019/17020)
6. जोधपुर-कोलकाता (12308/12307)
7. जोधपुर-हावड़ा (12308/12307)
8. बेंगलुरु-बीकानेर (22477/22478)
9. जोधपुर-हावड़ा (19667/19668)
10. अहमदाबाद-वाराणसी (09046/09045) शामिल हैं।

## रानी नगर पालिका में सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



द डेसिंप्रग

**रानीखुद / नगराज वैष्णव ।** नगर पालिका रानीखुर्द द्वारा "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर" के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डॉक्टरों द्वारा उनकी स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। इस दौरान चिकित्सकों ने रक्तचाप, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ ही आवश्यक परामर्श भी दिया।बैनर पर लिखे संदेश "सुरक्षा नहीं तो सफाई नहीं" और "आपकी मेहनत और समर्पण से ही हमारा शहर साफ-सुथरा रहेगा" ने सफाई कर्मियों को प्रेरित किया।

## शहरी एवं ग्रामीण शिविरों में आमजन कराए अपनी समस्याओं का निस्तारणः धीर सिंह जादन



धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

एकात्म मानवाद एवं अन्त्योदय के प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मशताब्दी पखवाड़े के तहत जिले में आयोजित हो रहे शहरी एवं ग्रामीण शिविरों में आमजन अपनी अपनी समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए शिविरों में पहुंच कर अपनी समस्याओं का निराकरण कराए। भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन ने तहसील सैंपऊ में आयोजित शिवर में यह बात कही। शिविर प्रारंभ होने पर अधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन का साफ़ा एवं फूलमाला पहना कर स्वागत एवं सम्मान किया। शिविर में उपस्थित हो कर धीर सिंह जादौन ने गर्मीणों की समस्याओं का निस्तारण कराया गया एवं शिविर में सहयोग किया। राजस्थान सरकार के यशस्वी भजनलाल शर्मा के सानिध्य में चल रहे शिवरों की सराहना की। शिविर में विकास अधिकारी रामबोल सिंह गुर्जर, नायब तहसीलदार नाहर सिंह जादौन, सरपंच प्रतिनिधि राम अवतार सिंह फौजी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और शिविर में आए आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया।

# जयपुर में सैक्रोज बाथवेयर एवं द फैमिली शॉप का भव्य उद्घाटन

### आकर्षक बाथवेयर उत्पादों पर विशेष ऑफर, उद्घाटन समारोह में सजी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

द डेसिंप्रग

**जयपुर ।** पत्रकार कॉलोनी स्थित सैक्रोज बाथवेयर एवं द फैमिली शॉप का भव्य उद्घाटन समारोह आज उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह एवं अमित खंडेलवाल ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए संस्थान की भावी योजनाएँ साझा कीं।

समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोतोष पंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कमी से ग्राहकों को राहत मिलेगी। इसके चलते बाथवेयर उत्पादों की कीमतों में कमी आएगी और उपभोक्ता उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद आसानी से खरीद सकेंगे।

### गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति

उद्घाटन अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्थान ने ग्राहकों को आकर्षित



करने के लिए विशेष छूट और ऑफर की घोषणा भी की।

### गायकी ने बांधा समां

कार्यक्रम में दंगल फिल्म फेम गायक सर्वर खान एवं सरताज खान ने अपनी मधुर आवाज़ से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। "बापू सेहत के लिए तू तो हानिकारक है", "केसरिया बालम पधारो म्हारे देश"



और "बिंदनी" जैसे गीतों पर दर्शक झूम उठे।

### ग्राहकों और व्यापारियों में उत्साह

सैक्रोज बाथवेयर एवं द फैमिली शॉप में उपलब्ध आधुनिक डिज़ाइन और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों ने ग्राहकों और व्यावसायिक समुदाय के बीच खासा आकर्षण पैदा किया है। संस्थान की पहल से स्थानीय स्तर पर व्यवसाय और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## सुपोषित माँ अभियान पोषण किट किये वितरित

द डेसिंप्रग

**केशवरायपाटन(मुकेश जैन) ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर पंचायत समिति के सामने शिव मन्दिर मे शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए। केशवरायपाटन शहर व ग्रामीण मण्डल में स्वस्थ माँ स्वस्थ शिशु रहे।ऐसी सोच को लेकर अध्यक्ष ओम बिरला ने गर्भवती महिलाओं को शुपोषित माँ अभियान के तहत 110 पोषण किट वितरित किये पोषण किट वितरण में भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार मीणा, शहर मण्डल अध्यक्ष विनोद नामा, महामंत्री महावीर शर्मा, संजय शर्मा, प्रवक्ता जितेंद्र मीणा, ब्रजेश शर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी ब्रज बिहारी शर्मा, देवेंद्र नागर, गौरव पाठक,बेबी महावर, खुशबू नागर तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मनोहर लाल मीणा बने कर्मचारी मजदूर संघ, जैसलमेर के जिला संयोजक

### कार्यालय में हुआ भव्य अभिनंदन



द डेसिंप्रग

**जैसलमेर / रमेश प्रजापत ।** कर्मचारी मजदूर संघ, जिला जैसलमेर को नया नेतृत्व मिला है। संगठन द्वारा मनोहर लाल मीणा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया, जिनके सम्मान में आज कार्यालय में एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में लेखाधिकारी बलवीर सिंह ने मीणा को माल्यार्पण एवं पारंपरिक राजस्थानी साफा पहनाकर उनका सम्मान किया। उपस्थित समस्त कर्मचारियों ने उन्हें बधाइयाँ दीं और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की आशा जताई। इस अवसर पर रामलाल मीणा पीयूष जिंदल, राजेशओझा, मनीष जोशी, लीलाधर कुमावत ,राकेश स्वामी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।मनोहर लाल मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा मैं संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए, कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। आप सभी का सहयोग और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। समारोह का समापन मिठाइयों के वितरण और संगठन की एकता व प्रगति के संकल्प के साथ हुआ।

## खाखोली गांव स्थित श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा निष्कर्ष महादेव मंदिर श्री मंगल जति आश्रम में ब्रह्मलीन संत नागा बाबा मानजति महाराज का षोडशी भंडारा किया गया

### भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

द डेसिंप्रग

**पाटोदा / पप्पूलाल शर्मा।** खाखोली,चूडोली,हमीरपूरा, ढाणी चूडोली गांव में स्थित श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा निष्कर्ष महादेव मंदिर श्री मंगल जति आश्रम में ब्रह्मलीन संत नागा बाबा मानजति महाराज का षोडशी भंडारा किया गया। 17 दिवसीय षोडसी भंडारा साधु संतों एवं समस्त ग्राम वासियों की सानिध्य में किया गया। भंडारे में विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में साधु-संत व जति संप्रदाय के अनुयायियों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले गाड़ोदा आश्रम के पीठाधीश्वर महंत महावीर जति महाराज के सान्निध्य में 16 संतों को दक्षिणा के साथ साथ 16 प्रकार की वस्तुओं का दान किया गया। श्रद्धालुओं ने समाधि पर धोक लगाकर आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति के





सरपंच गोपाल सिंह खाखोली ने बताया कि ब्रह्मलीन संत नागा बाबा मानजति महाराज 9 सितंबर को देवलोक गमन हो गए थे। 10 सितंबर को समाधि, 25 सितंबर को रात्रि को भजन संध्या जिसमें शेखावाटी के जाने-माने साधु संतों एवं कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर 1:00 बजाने की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार सुबह समाधि पूजन, महाआरती,षोडसी भंडारा लगाया गया। जिसमें आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विजय यति महाराज, ओम यति महाराज, शांतिनाथ महाराज, शिवराज जति महाराज भोजासर बड़ा, बाबूदास महाराज डालमास,गोपाल सिंह सरपंच, शंकर सिंह, शिवपाल सिंह, मदन सिंह, प्रकाश सिंह, अजय सिंह, मोती सिंह,बाबू सिंह, अर्जुन सिंह,श्रवण सिंह, पंकज कुमावत, मदन कुमावत, पंडित मनोहर शर्मा,हेम सिंह,करण सिंह,सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

## जोधपुर के स्वामिनारायण मंदिर निर्माण में सहयोग देनेवाले सभी शिल्पियों का पूजन और सम्मान



द डेसिंप्रग

**जोधपुर/कालीबेरी ।** सूरसागर में नवनिर्मित स्वामिनारायण मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव भव्यता से मनाया गया। गुरु महंत स्वामी महाराज ने स्वयं इच्छा व्यक्त की कि इस मंदिर निर्माण में सहयोग देनेवाले प्रत्येक कारीगर का मुझे पूजन और सम्मान करना है।स्वामीजी के निर्देश के अनुसार केवल शिल्पियों के सम्मान के लिए विशिष्ट सभा का आयोजन किया गया। स्वयं गुरुजी की प्रत्यक्ष उपस्थिति में सभी कारीगरों का शाही सम्मान किया गया। एक एक कारीगर को मंच पर बुलाया गया। सर्व प्रथम उन्हें माला अर्पण कर बहुमान किया। उसके बाद साफापगड़ी बांधकर तिलक कर पूजन किया गया। सद्गुरु संतों ने वस्त्र ओढ़ाकर प्रसाद से सबका मुंह मीठा किया।महंत स्वामी महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया। सभी श्रमिक शिल्पी के साथ फोटो खिंचाई और उसे बहुमान दिया। कारीगर उदयसिंह ने बताया कि "यह मेरे जीवन का अविस्मरणीय प्रसंग है। ऐसा सम्मान हमें कौन दे सकता है? हम कृतार्थ हो गए हैं।" महंत स्वामीजी महाराज ने आशीर्वाद में बताया कि "आप छोटे नहीं है। भले ही आप कोई भी कार्य करते हो, किंतु यहां मंदिर में आपने कार्य किया, इसलिए आप सब महान भक्त बन गए हैं, अक्षरमुक्त बन गए हैं। आप सभी एकांतिक भक्त बन जाएंगे। आप सभी को दंडवत प्रणाम करें तो भी कम है।

# प्रधानाचार्य के ट्रांसफर से लोगों में रोष, निरस्त करवाने की मांग को सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा

द डेसिंप्रग

**रामगढ़ अलवर /अमित भारद्वाज राजस्थान ।** बड़ौदा मेव-लक्ष्मणगढ़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मणगढ़ के प्रधानाचार्य धनमत खान के ट्रांसफर से कस्बे वासियों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को कस्बे वासियों ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम अर्चना चौधरी को ज्ञापन सौपा।

### जानकारी के अनुसार एसडीएम को सौपे गये ज्ञापन में बताया कि

प्रधानाचार्य धनमत खान ने विद्यालय परिसर जो एक जीर्ण-शीर्ण किले परिसर में चल रहा था। उसका समसा के बजट एवं लोगों का जागरुक कर



जन सहयोग से जीर्ण-शीर्ण विद्यालय की मरम्मत व रंग रोगन और अन्य कार्यों में लगभग 40 लाख रूपये लगवाकर विद्यालय परिसर को हेरीटेज लुक दिया था। ज्ञापन में बताया कि प्रधानाचार्य धनमत के आने से पहले विद्यालय का नामंकन 350 था। बाद में प्रधानाचार्य ने विद्यालय में पढ़ाई का माहौल बनाया और घर घर जाकर लोगों बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाने के लिये जागरुक किया। जिसका असर यह हुआ कि विद्यालय का नामांकन 550 से अधिक पहुच गया। वही लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि प्रधानाचार्य ने विद्यालय में अनुशासन व पढ़ाई का वातावरण बच्चों में बनने लगा तो प्रधानाचार्य का स्थानान्तरण हो गया। जिससें अब बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। साथ ही ज्ञापन में बताया कि प्रधानाचार्य धनमत का कार्यकाल 1 वर्ष 3 माह का शेष है। जिसका लाभ कस्बेवासी बच्चों को दिलाना चाहते हैं। जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से इस विद्यालय में अनुशासन व बच्चों को पढ़ाई का माहौल दिया है। ज्ञापन में प्रधानाचार्य धनमत का स्थानान्तरण निरस्त करवाने की मांग की। इस दौरान पूर्व सरपंच बच्चू तिवाडी, श्री सार्वजनिक पुस्तकालय अध्यक्ष रवि शर्मा, इकबाल खान, मोनी शर्मा, गंगालहरी इत्यादि मौजूद थे

## श्री भादरियाराय शिक्षण संस्थान के छात्रों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया अपना दम



द डेसिंप्रग

**जैसलमेर / रमेश प्रजापत ।** खेल जीवन में अति महत्वपूर्ण है चांधन स्थित श्री भादरियाराय शिक्षण संस्थान के छात्रों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया अपना उम्दा प्रदर्शन। संस्थान के संचालक भोपाल सिंह सोढ़ा ने बताया कि खेल शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का होना बहुत जरूरी है क्योंकि खेलकूद प्रतियोगिता से ही मनुष्य के जीवन में शक्ति का संचार होता है। विद्यालय के चार विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ। जसपालसिंह हड्वा पूजा कंवर कर्मो की ढाणी रावल सिंह सांवला सुरेंद्र सिंह सांवता (जिम्नास्टिक) यह विद्यार्थी 29 सितंबर से राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले का नेतृत्व करेंगे । वही 11 वर्षीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता पूनम स्टेडियम में 24 सितंबर को संपन्न हुई। जिसमें जिम्नास्टिक में छात्र वर्ग विजेता रहे वही कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र वर्ग उपविजेता रहे। 50 मी. दौड़ में संपूर्ण जिले में छात्र जोगराज सिंह मसूरिया प्रथम स्थान रहा वही लंबी कूद में जिले में शिवराज सिंह भाटी प्रथम स्थान रहा । समस्त विद्यार्थियों का आज विद्यालय में मालाए, मेडल आदि पहनाकर समस्त अध्यापकों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया,इस दौरान अध्यापकगण गोविंद जयपाल मगाराम शैतान सिंह चतर सिंह प्रकाश चौधरी खेताराम मंगलाराम रेवत राम पूजा कुमावत बाबूलाल जसू कंवर जोगराज सिंह देरावर सिंह उपस्थित रहे ।

## जयपुर डेयरी ने दूध का खरीद मूल्य बढ़ाया

### 25 रुपए प्रति किलोग्राम फैट की दर से बढ़ोतरी, 4 रुपए का अतिरिक्त बोनस भी मिलेगा

द डेसिंप्रग

**जयपुर ।** जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. (जयपुर डेयरी) ने एक बार फिर दूध के खरीद मूल्य में इजाफा? किया है। पिछले 7 माह में ये पांचवां मौका है, जब दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। नई बढ़ोतरी 25 रुपए प्रति किलोग्राम फैट की दर से की गई है। यही नहीं दूध देने वाले हर समिति सदस्य (दुग्ध उत्पादक) को 4 रुपए प्रति लीटर का अतिरिक्त बोनस भी दिया जाएगा।

**जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार ने बताया-** अब हम दुग्ध उत्पादकों से 875 रुपए के बजाए 900 रुपए प्रति किलोग्राम फैट की दर से दूध की खरीद करेंगे। इसके अलावा उन्हें 4 रुपए का अतिरिक्त बोनस भी देंगे। ये बोनस 21 दिन (1 से 21 अक्टूबर तक) तक मिलेगा।

### इस वर्ष मार्च से अब तक यों बढ़ाए दाम

**फौजदार ने बताया-** कि इस बढ़ोतरी के बाद दुग्ध उत्पादक को 1 से 21 अक्टूबर तक दूध बेचान पर 900 रुपए प्रति किलोग्राम फैट, 2 रुपये प्रतिकिलो फिक्स राशि और 5 रुपए प्रति किलो फैट (मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना) का भुगतान करने के साथ-साथ 4 रुपए लीटर का अतिरिक्त भुगतान भी किया जाएगा। 21 अक्टूबर के बाद दूध बेचान पर 4 रुपए का अतिरिक्त बोनस नहीं दिया जाएगा।

# वार्ड सभाओं के माध्यम से ग्रामीण खुद बना रहें अपने गांव के विकास योजना

द डेसिंप्रग

**रामगढ़ अलवर / अमित भारद्वाज ।** बड़ौदा मेव-लक्ष्मणगढ़ गांव में सामुदायिक समस्याओं क़े समाधान क़े लिए ग्रामीण स्वयं ही प्रयास करने लगे हैं।ग्रामीणों का कहना हैं की पहले हम सोचते थे की सभी काम पंचायत की जिम्मेदारी होती हैं कराने की लेकिन इब्तिदा संस्था की जागरूकता से समझ आया की पंचायतीराज क़ानून में वार्ड पंच का रोल वार्ड क़े मुखिया का होता हैं,इब्तिदा संस्था से फील्ड कोऑर्डिनेटर वारिषा खान का कहना हैं की संस्था जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण महिलाओ क़े साथ मिलकर पंचायतीराज क़ानून की जागरूकता को



लेकर कार्य क़र रही हैं, जिसमे वार्ड सभा, ग्राम सभा, जीपीडीपी की ग्राम सभा, की जिम्मेदारी व इनमे होने वाले कार्य तथा कोरम पूर्ति एवं होने वाले कार्यों, इन सभी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा हैं गाँव भयाडी , जयसिंहपुरा में वार्ड सभा का आयोजन जनप्रतिनिधियों क़े सहयोग से करवाया गया, सभी सभाओ में सामुदायिक मुद्दों पर प्रस्ताव तैयार कराये गए, जैसे पीने क़े पानी, नाली, सड़क, सामुदायिक भवन, महिला भवन आदि,इन सभी प्रस्तावों को अक्टूबर में होने वाली ग्राम सभाओ में जमा करा क़र पास करवाने का प्लान किया गया, जिससे GPDP (ग्राम पंचायत विकास योजना) में जुड़वाया जा सकते है, इस अवसर वार्ड पंच श्रीमती सुनीता भगवती,सुशीला, चमेली, रजनी, सविता, लक्ष्मी, संता, बबीता धनबईहरिराम, हरिया, सुधीर हरमन आदि उपस्थित।

# बाबा श्याम जन्मोत्सव मेले को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

## श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी - एसडीएम सामौर

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** जिले के खाटूश्यामजी के विश्वविख्यात तीर्थ स्थल बाबा श्याम के कार्तिक शुक्ल पक्ष की देव उठनी एकादशी पर आयोजित होने वाले बाबा श्याम जन्मोत्सव मासिक मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम सामोर ने कहा कि देव उठनी एकादशी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु खाटूधाम पहुंचते हैं ऐसे में सभी व्यवस्थाओं को पुख्ता करना बेहद जरूरी है। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था करने, स्वच्छता और सफाई पर विशेष ध्यान देने, सड़क मरम्मत कार्य समय पर पूरे करने तथा बिजली-पानी की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं आएं। साथ ही उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर







दिया ताकि आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। दर्शन व्यवस्था को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी को आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में थानाधिकारी पवन चौबे ने बताया कि मंदिर दर्शन प्रवेश द्वार, मुख्य बाजार, श्याम तोरण द्वार और निकास मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिनका नियंत्रण पुलिस थाना परिसर में बने कंट्रोल रूम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कैमरों के जरिए संदिग्ध व्यक्तियों और फरारी काट रहे अपराधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में डीवाईएसपी संजय बोथरा, थानाधिकारी पवन चौबे, परिवहन विभाग, नगरपालिका अधिकारी और श्री श्याम मंदिर कमेटी के विकास शर्मा मौजूद रहे। बैठक में प्रशासन ने आश्वासन दिया कि इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# ओउमाश्रय सेवा धाम में प्रकाश प्रभुजी का जन्मदिवस समारोह आज

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में रह रहे दोनों पैरों से विकलांग, सहारे से कुछ कदम चलने वाले प्रकाश प्रभुजी का जन्मदिवस इस वर्ष विशेष ढंग से मनाया जाएगा। डेढ़ वर्ष पूर्व जयपुरिया हॉस्पिटल से भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा आटो से आश्रम पहुंचाए गए प्रभुजी का आश्रम में सतत उपचार चल रहा है। एक पैर के घाव की निरंतर ड्रेसिंग और डॉ. सुनीता गुप्ता व डॉ. अविल जैन के औषधीय उपचार से स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। आश्रम की आंतरिक व्यवस्था में भी उनका विशेष योगदान रहता है। मानसिक व आत्मिक दृष्टि से उनका आत्मविश्वास चेहरे पर झलकता है, जो ईश्वरीय वरदान प्रतीत होता है।





गत वर्ष 27 सितंबर 2024 को उनके जन्मदिन पर राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश व आश्रम के संरक्षक प्रशांत अग्रवाल ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया था। इस वर्ष शनिवार सुबह स्वस्ति यज्ञ में विशेष मंत्रों से आहुतियां दी जाएंगी और प्रभुजनों की पसंद के अनुसार समोसे भी परोसे जाएंगे। ओउमाश्रय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं कि वे स्वस्थ, प्रसन्न और आनंदमय जीवन व्यतीत करें।

# आयुष्मान हार्ट अस्पताल पीड़ित संघर्ष समिति के बैनर तले व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना आज 17 वें दिन जारी रहा

द डेस्प्रिंग

**बीकानेर/ श्रीराम भादू** ।बीकानेर आयुष्मान हार्ट अस्पताल पीड़ित संघर्ष समिति के बैनर तले व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा के नेतृत्व में आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर तथा डॉक्टर बीएल स्वामी से पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आज 17 वें दिन जारी रहा।

कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा ने कहा की पीड़ितों की सुनवाई करने के बजाय प्रशासन अस्पताल प्रशासन के बचाव में लगा हुआ है इसलिए अब हमारी सरकार से मांग है कि वो इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेवे अन्यथा पीड़ित परिवार व आमजन आने वाले समय में सड़कों पर उतरकर आर पार लड़ेगा जिसकी जिम्मेदार सरकार होगी

**पूर्व अध्यक्ष कृष्णकुमार गोदारा ने कहा की** जिले का प्रशासन अस्पताल प्रशासन के साथ




मिलकर आंदोलन को कुचलने की रणनीति बना रहा है ऐसी स्थिति में इनसे न्याय की उम्मीद करना गलत है

**NSUI जिलाध्यक्ष हरीराम गोदारा ने कहा कि जैसे जैसे धरने के दिन गुजर रहे है** आमजन पीड़ित परिवारों के साथ जुड़ रहे है जिससे लोगों का आक्रोश निरंतर बढ़ रहा है

इस अवसर पर भंवर गोरछीया,हरीराम कसवां,मालचंद मारू,नवीन बिश्नोई,आवड़दान चारण,अकरम अली,डॉक्टर एम आई भाटी,श्रवण कसवां,रामरख कसवाँ,धर्मपाल,नितिन मारू,धनराज मुंड सहित सैंकड़ों लोग उपस्तिथ थे।

# गागरोन गढ़ साका दिवस आज इन्द्रोका में

द डेस्प्रिंग

**जोधपुर/कैलाश चौहान ।** हितकारिणी समिति एवं वीरवर राव अचलदास खीची फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम इन्द्रोका में 'गागरोन गढ़ साका दिवस' एवं वीरवर राव अचलदास खीची जयंती समारोह का आयोजन होगा।

**इस अवसर पर श्री श्री 1008 सैनाचार्य स्वामी अचलानन्द महाराज पीठाधीश्वर अखिल भारतीय सैन शक्ति** पीठ, श्री महन्त प्रतापपुरी गादीपति तारातरा मठ-बाड़मेर, विधायक पोकरण, अष्टकौशल श्री महन्त नारायण गिरी महाराज खोखरी माताजी सिद्ध शक्ति पीठ-तिवंरी का सानिध्य रहेगा।

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के**




**रूप में संसदीय कार्य एवं विधि मंत्री जोगाराम पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक** पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, रविन्द्र सिंह भाटी, हमीर सिंह भायल, महेन्द्र विश्नोई, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु सिंह राजवी, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण दक्षिण त्रिभुवन सिंह भाटी, मारवाड़ राजपूत सभा अध्यक्ष हनुमान सिंह खागटा सहित कई जनप्रतिनिधि व संत महात्मा मौजूद रहेंगे।मुख्य वक्ता के रूप में चक्रवर्ती सिंह जोजावर एवं शक्ति सिंह बांदीकुई विचार प्रकट करेंगे।

**कार्यक्रम संयोजक अभिमन्यु सिंह ने बताया कि राजस्थान के गौरवशाली इतिहास में गागरोन गढ़ का विशेष स्थान है।** 1423 ईस्वी में यहां वीरवर राव अचलदास खीची के नेतृत्व में पहला साका हुआ था, जिसमें रणभूमि में वीरों ने केसरिया चढ़ाया और रानी पुष्पावती के नेतृत्व में जौहर किया गया। उसी ऐतिहासिक दिवस की स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह को सफल बनाने हेतु ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती महेश कंवर, उपसरपंच महेन्द्र सिंह सहित पूरी पंचायत एवं फाउंडेशन सक्रिय है।

# शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

द डेस्प्रिंग

**रुदावल / रामकुमार उपाध्याय।** शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन की विधिवत शुरुआत रूपबास बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत के मुख्यआतिथ्य में ऋषि बंसल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा भरतपुर, प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघीना , प्रदेश पदाधिकारी बदन सिंह मीना, त्रिलोकचंद उपाध्याय, पूनम चतुर्वेदी, गजेन्द्र शर्मा, मानसिंह बंजारा, पुरुषोत्तम पाराशर, यादव चंद लवानिया ,जिला अध्यक्ष होती लाल जैमन , जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह बैसला, करतार सिंह सूपा,जिला मंत्री वासुदेव योगी , जिला



प्रवक्ता राजेश गुर्जर, जिला संगठन मंत्री हंसराम गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष नरेश गुर्जर, बृजकिशोर शर्मा, सुधीर कटारा, अंकुर जैन, प्रधानाचार्य महेश चंद गुर्जर, धर्मेंद्र सिंह मावई , उदयभान सिंह की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ जिलाध्यक्ष



कृष्ण सिंह बैसला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ ऋतु बनावत और सभी अतिथियों का संयोजक टीम द्वारा ज़ोरदार स्वागत किया और पूरे जिले से पधारे शिक्षक भाई बहिन का कार्यक्रम के दौरान स्वागत सत्कार किया गया कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रहीं जिनका संयोजक टीम द्वारा जोरदार स्वागत किया कार्यक्रम के दौरान कवि राकेश गुर्जर ने विधायक ऋतु बनावत और भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा का कविता छन्दवाचन के माध्यम से स्वागत कर समां बाँध दिया कार्यक्रम के दौरान विधायक ऋतु बनावत ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है शिक्षकों के लिए वो हमेशा लड़ाई लड़ेंगी और संघठन द्वारा भेजी गयी हर मांग को पूरा करने के लिए भरसक प्रयास करेंगी भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि वो शिक्षक भाई बहिन की हर एक जायज माँग को सरकार तक पहुँचाने का कार्य करेंगी और जिले के सभी शिक्षकों से अपील की कि वो विद्यार्थियों में उच्च संस्कार विकसित कर मोदी जी के विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा कराने में अपना अहम योगदान दें इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह बैसला ने पूरी टीम की तरफ से जिले के कोने कोने से पधारे शिक्षक भाई बहिन का स्वागत करते हुए उनकी मांगों को विधायक डॉ ऋतु बनावत और भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के सामने रखकर उन्हें पूरा करने का निवेदन किया प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघीना ने खुला मंच का आयोजन कर सभी शिक्षक भाई बहिन को अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया इस दौरान शिक्षक भाई बहिन द्वारा अनेक प्रस्तुति दी ।

# हॉकी खिलाड़ियों का हुआ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

## बापिणी से ओमप्रकाश प्रजापत



द डेस्प्रिंग

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापिणी के 14 वर्षीय , 17 वर्षीय , 19 वर्षीय आयु वर्ग में दो दर्जन से अधिक हॉकी खिलाड़ी फलोदी जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व । शारीरिक शिक्षक पंकज सैन ने बताया कि 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में 14 वर्षीय आयु वर्ग के चार छात्रों व चार छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ, 17 वर्षीय आयु वर्ग के तीन छात्रों व सात छात्राओं का राज्य स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ, 19 वर्षीय छात्र आयु वर्ग के दो छात्र, वह तीन छात्राओं का राज्य स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ ।

**14 वर्षीय आयु वर्ग के छात्र-छात्रा सिवाना में भाग लेंगे**

**17 वर्षीय आयु वर्ग प्रतियोगिता में छात्र पदमपुर व छात्राएं रिंगस में भाग लेंगे**

**19 वर्षीय छात्र वर्ग भीनमाल जालौर में व छात्राएं धोलासर फलोदी में प्रतियोगिता में भाग लेंगे ।**

बापिणी के कुल 23 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय होगी प्रतियोगिता में चयन हुआ

# नरेश मीणा ने 15 दिन बाद खत्म किया आमरण अनशन

## बोले- 24 घंटे में इकट्ठे किए 80 लाख, अब भगत सिंह सेना लेकर लौटूंगा

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** नरेश मीणा को 80 लाख रुपए शहीद स्मारक पर दिए गए। नरेश मीणा को 80 लाख रुपए शहीद स्मारक पर दिए गए। झालावाड़ के पीपलोदी स्कूल हादसे में मृत बच्चों के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग पर पिछले 15 दिनों से अनशन कर रहे नरेश मीणा ने शुक्रवार को अपना अनशन तोड़ दिया। समर्थकों के साथ एसएमएस हॉस्पिटल से निकलकर वे शहीद स्मारक पहुंचे, जहां भारी संख्या में मीणा के समर्थक जुटे। इससे पहले गुरुवार देर रात जयपुर की सड़कों पर समर्थकों ने मशाल जुलूस निकाल अनशन खत्म करने की मांग की थी।

**अनशन तोड़ते हुए नरेश मीणा ने कहा-** मैं खाली हाथ नहीं लौटूंगा, यह जनता का विश्वास बनाए रखने का वादा था। 24 घंटे के भीतर 80 लाख रुपए की सहायता राशि झालावाड़ हादसे के पीड़ित परिवारों के लिए आ चुकी है। राजस्थान की वीर भूमि के लोगों का आभारी हूं।

**नरेश मीणा ने बताया-** एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती भरतसिंह कुंदनपुर ने भावुक होकर उनसे अनशन खत्म करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान को तुम्हारी ज़रूरत है। उनकी बात मानकर ही मैंने जूस पीकर अनशन तोड़ा।

# रानी नगर पालिका परिसर में शहरी सेवा शिविर में बढ़ी आमजन की भागीदारी

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** नगर पालिका परिसर, रानी में चल रहे शहरी सेवा शिविर में आज भी बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का संचालन नगर पालिका अधिशाषी भरत राठौड़ और उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा नेता प्रतिपक्ष मोहमद इलियास के मार्गदर्शन में किया गया। नगर पालिका पार्षद रेखा माली, महेश कुमार, मनीष मेहता, मुकेश बैरवा, मीठालाल बंजारा जोधाराम कुमावत मोहम्मद अकरम, कपूराराम उपस्थित रहे। आज के शिविर में 69ए पट्टा वितरण हेतु 1 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2 फाइल का निस्तारण किया गया। 90ए कृषि भूमि परिवर्तन के 3 आवेदन आए और 1 फाइलों का निस्तारण किया गया। भवन निर्माण 1 फाइल का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही पेंशन स्वीकृति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, नालियों की सफाई, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना




एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्य भी संपन्न किए गए।

### नगर पालिका प्रशासन की अपील

नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाएँ और सरकारी योजनाओं व सेवाओं से सीधे लाभान्वित हों।

### अगले शिविर 29-09-2025 को वार्ड संख्या 9,10 में आयोजित किए जाएँगे।

प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे समय पर पहुँचकर अपने लंबित कार्य निपटाएँ।

### शिविर की सफलता में योगदान

इस अवसर पर कर्मचारी गोपाल सिंह, धनाराम चौधरी, बाबूलाल कुमावत, जितेंद्र कुमार, रतनलाल, सुनील खीचड़, कांतिलाल, निजामुद्दीन, फिरोज खान, मनीष कुमार, मोनूकांत, मुकेश दत्ता, जगन्नाथ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे और शिविर की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सहयोग किया।

# धान के उचित भाव को लेकर किसान ने संभागीय आयुक्त कार्यालय पर दिया धरना

## सही भाव नहीं मिलने पर दशहरा बाद कोटा बूंदी की मंडियों को बंद किया जाएगा

द डेस्प्रिंग

केशवरायपाटन(मुकेश जैन)। केशवरायपाटन शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधि नवीन श्रृंगी ने बताया कि हाड़ौती के धान उत्पादक किसानों ने अपने धान के उचित भाव को लेकर शुक्रवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय पर धरना देकर प्रशासन को चेताया किसानों की मांग हे कि किसानों को कम से कम 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल धान के भाव मिलने चाहिए धरने को संबोधित करते हुए युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि किसान 6 महीने तक कड़ी मेहनत के बाद अपनी फसल तैयार करता है और जब उसे मंडी में लाता है तो चावल मिल मालिकों ओर व्यापारियों द्वारा उसे लूट लिया जाता है क्योंकि इन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है स्थानीय प्रशासन ने ऐसी कोई व्यवस्था नहीं कर रखी जिससे किसान को मंडी में उसकी फसल का उचित दाम मिल सके गौतम ने कहा कि जहां एक ओर छत्तीसगढ़ में किसानों को साधारण धान की कीमत 3200 रुपए से अधिक मिल रही हे महाराष्ट्र सरकार



धान उत्पादक किसानों को 20,000 रुपए प्रति हेक्टेयर का अनुदान दे रही हे तो फिर हाड़ौती के किसानों के साथ ऐसा कुठाराघात क्यों जबकि हाड़ौती में उत्तम किस्म का बासमती धान पैदा होता हे उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने निर्यातकों के साथ किसान की बैठक नहीं करवाई ओर मंडी में अन्य राज्यों की भांति व्यवस्था नहीं की तो दशहरे के बाद मंडियों को अनिश्चित काल के लिए बंद किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी परंतु इस बार मंडियों में किसान को नहीं लूटने दिया जाएगा

# स्वर्णनगरी में शारदीय नवरात्रि पर्व के चलते हिंगलाज मंदिर जीवणीयाई बगेची प्रांगण में गरबा और डांडिया की धूम

## सांझ ढलते ही सजने लगते हैं माता के पंडाल

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर / रमेश प्रजापत ।** ब्रह्मक्षत्रिय खत्री समाज गरबा समिति जैसलमेर के द्वारा 10 दिवसीय गरबो का आयोजन गरबा समिति अध्यक्ष श्रीमती नमिता जगदीश जी डलोरा व गरबा समिति टीम की देखरेख में करवाया जा रहा है हिंगलाज मंदिर जीवणियाई में नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन संध्या आरती के पश्चात गरबा पंडाल में बच्चे, युवतियां व महिलाओं द्वारा पूर्ण भक्ति भाव से पारंपरिक वेशभूषा के साथ सजधज



कर पांडाल में गरबा किया जा रहा है। **गरबा समिति अध्यक्ष श्रीमती नमिता जगदीश जी डलोरा ने बताया कि गरबो का आयोजन समस्त खत्री समाज** जैसलमेर के भामाशाहों के सहयोग से किया जा रहा है व साथ मे पंडाल में जैसलमेर महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती उषा अनिल जी भूत, जीवणीयाई बगेची के महामंत्री श्री मोहनलाल भूत, गरबा समिति के संरक्षक श्रीमती कलावती डलोरा, श्रीमती योगिता छुछा, उपाध्यक्ष भवानी डलोरा, कोषाध्यक्ष श्री धनराज बिछड़ा, सचिव रोहित बिछड़ा, व्यवस्थापक श्री प्रेमराज बिछड़ा, कंचन बिछड़ा, मीडिया प्रभारी श्रीमती शांति बिछड़ा, सदस्य श्रीमती भावना डलोरा, श्रीमती कुसुम डलोरा, श्रीमती सिमरन छुछा, श्रीमती आशा बिछड़ा, श्रीमती नीलम गिराछ, श्रीमती सुमन भूत, श्रीमती नूतन डलोरा, श्री जितेन्द्र डलोरा, श्री सुंदरलाल बिछड़ा एवं श्रीमती चंद्रा दड़ा, आदि सबका कार्यक्रम के दौरान पांडाल में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। स्वर्णनगरी में इन दिनों शारदीय नवरात्रि पर्व के चलते गली मोहल्लों में गरबा व डांडिया की धूम है। शहर के विभिन्न गली मोहल्लों में नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके चलते शाम होते ही नवरात्रि महोत्सव में आस्था व श्रद्धा का ज्वार उमड़ पड़ता है। गली मोहल्लों में गरबा व डांडिया की खनक सुनाई दे रही है। सांझ होते ही तैयार होने वाले सांस्कृतिक माहौल में मां दुर्गा के प्रति अगाढ़ श्रद्धा प्रदर्शित करने के लिए गरबा नृत्यों के दौरान काफी चहल पहल नजर आ रही है। तो वहीं ओढनी उड़े तो पांवागढ़ सू उत्तरी, अंबे जय जगदंबे माता, ओढनी उड़े तो उड़ उड़ जाए, केसरिया रंग लाग्यो ओला गरबा, गरबा में चपटी भरी चाख ने, पंखीड़ा ने उड़ना जावो जैसे गीतों पर डांडिया नृत्य करते युवा, किशोर, बालिकाओं व महिलाओ का उत्साह इन दिनों स्वर्णनगरी में श्री हिंगलाज मंदिर जीवणीयाई बगेची में भी गरबा देखने को मिल रहा है, प्रांगण में चल रहे गरबों को देखने गणमान्य समाज बंधु, पुरुष, महिलाएँ, युवतियां, बालिकाएं, युवा, बच्चे आदि

# शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय जिला सम्मेलन आयोजित : शिक्षक हितों के लिये एकता का आह्वान

## शिक्षा में बदलाव व शिक्षकों की भूमिका पर हुआ मंथन

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** सुजानगढ़ की राजकीय पीसीबी स्कूल में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के दो दिवसीय जिला सम्मेलन का उद्घाटन विधायक मनोज मेघवाल व जिला अध्यक्ष आनन्द कुमार डांगी में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर की।इस अवसर पर जिला मंत्री नारायण सिंह शेखावत ने कहा कि यह संगठन पीड़ित व शोषित शिक्षकों के हक व अधिकार के लिये सदैव प्रयत्न शील रहता है, संगठन शिक्षार्थी ,शिक्षक व समुदाय के बीच कड़ी का काम करता है।संगठन द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण हेतु हरित पखवाड़े का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया जाता है,वही रक्तदान शिविर आयोजित कर सामाजिक सरोकार के कार्य भी संगठन द्वारा किये जाते हैं।वही मुख्य अतिथि विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में काम करें उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी लोग शिक्षा से वंचित है इसलिए कोई भी शिक्षा से वंचित नही रहे ऐसा प्रयास शिक्षक संगठनों को करना चाहिए।सीबीईओ सुनीता पूनिया ने भी विचार प्रकट किये।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने पर हितेश ज्वेलर्स की और से सभी छात्राओं को चांदी का सिक्का प्रदान किया गया।इस दौरान पूर्व विधायक खेमाराम मेघवाल, प्रधान मनभरी देवी,एसीबीईओ मंजू पंवार,इदरिश गौरी,बृजेन्द्र दाधीच, प्रिंसीपल रणवीर महरिया, सुचिता मोदी,प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा,जिला अध्यक्ष आनंद कुमार डांगी,नारायणसिंह शेखावत महावीर प्रजापत, पूसाराम स्वामी,सुनील पारीक,मेघराज गुसाईवाल मंचासीन रहे।सम्मेलन में राज्य पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक पवन कुमार शर्मा, विनोद कुमार का स्वागत किया गया।साथ ही प्रधानाचार्य केसरीसिंह हेमराज प्रजापत, रामस्वरूप मूंड, अमरसिंह, चैनप्रकाश प्रजापत,अनिल प्रजापत,महमूद हसन,अम्बिका स्वामी,कुसुम शर्मा, पप्पू राम मीणा,प्रकाश टेलर,योगेश टेलर,मो इस्लाम, नरसीराम मंडा,अनिता सुरेका,संतोष डारा को उनके द्वारा किये गए नवाचारों के लिये प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।अंत मे जिला अध्यक्ष आनंद कुमार डांगी ने संघ की उपलब्धियों के बारें में बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन मनोहर सिंह व बाबूलाल स्वामी ने किया।

# पल्लू मेले में सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट एवं थाना अधिकारी विजेंद्र शर्मा ने मिलकर मेले में भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को पाबंद किया

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** । पल्लू में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पल्लू स्थित ब्राह्मणी मंदिर में लग रहे वार्षिक मेले के दौरान बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति की शिकायत मिलने पर इसकी रोकथाम के लिए सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने पुलिस जाब्ते के साथ मंदिर परिसर और मेले का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान गोयल ने छोटे-छोटे मासूम बच्चों को बालश्रम और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त करवाया ओर परिवारजनों को समझाइश की और उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन जितेंद्र गोयल ने दुकानदारों, होटल संचालकों और मेले में आए व्यापारियों को सख्त हिदायत दी कि वे किसी भी नाबालिग बच्चे से मज़दूरी ना कराएँ और श्रद्धालुओं को बच्चों को नकद भिक्षा ना देने के लिए समझाइश की। गोयल ने कहा कि समाज के हर नागरिक का यह दायित्व है कि बच्चों को स्कूल और शिक्षा से जोड़ें, ना कि उन्हें काम पर लगाकर उनके भविष्य को अंधकारमय बनाएं। बाल अधिकारों की रक्षा और उज्ज्वल भारत के निर्माण का संदेश देते हुए उन्होंने अपील की कि मेले में आए श्रद्धालु भी बच्चों को भिक्षा देने के बजाय उन्हें पढ़ाई और अच्छे संस्कारों की तरफ प्रेरित करें। इस निरीक्षण के दौरान पल्लू थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे, जिन्होंने चेयरमैन की पहल को आगे बढ़ाते हुए मेले में आमजन को बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के बारे में जागरूक किया। कस्बे के प्रबुद्धजनों ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर मिली यह सीख समाज के लिए एक बड़ी चेतावनी भी है कि जब तक हम सब मिलकर बच्चों को शिक्षा का अधिकार नहीं दिलाएँगे, तब तक देश का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ने उपस्थित भक्तों को बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति के समूल खात्मे की अपील करते हुए संकल्प दिलाया कि हर बच्चे को उसकी मासूमियत, उसका बचपन और उसका अधिकार शिक्षा दिलाने में योगदान देंगे। इस मौके परथाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा हेडकांस्टेबल श्रवण कुमार ,कॉन्स्टेबल जयराम ,कृष्ण ,सरजीत कुमार,शीशराम व अधिवक्ता एम एल शर्मा, दिनेश नैण , हरप्रीत सिंह, जगत जोशी व आरम्भ इंटरनेशनल स्कूल निदेशक बलवंत भारी साथ रहे उसके पश्चात पल्लू स्थित भोपा बस्ती में जाकर अंतिम पंक्ति के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले परिवारजनों को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया व झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को अपने बच्चों के शिक्षा हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाने के लिए का कहा ताकि झुग्गी झोपड़ी में रह रहे भोपा परिवार के बच्चों का डाटा लेकर शीघ्र आरंभ इंटरनेशनल स्कूल से जोड़ा जाएगा इस मौके पर आरम्भ स्कूल निदेशक साथ रहे

# डूंगरास आथूना काली माता मंदिर में चल रहा नवरात्र महोत्सव

## कालिका माता दक्षिण मुखी है मंदिर में स्थापित

## नवरात्रि में आते हैं लाखों श्रद्धालु

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** नजदीकी डूंगरास आथूणा की पहाड़ी पर दक्षिणमुखी काली माता का मंदिर राजस्थान भर में प्रसिद्ध है। यहां नवरात्रा में नौ दिन दूर दूर से श्रद्धालु आकर माता के दर्शन करते हैं। हर साल नवरात्रा में मेघ चंदन फाउंडेशन की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाता है। व्यवस्थापक बीरबल सिंह ने बताया कि इस बार बाईसवां भंडारा लगाया गया है। पुजारी मदन महाराज ने बताया कि पहाड़ी पर स्थित मंदिर में काली माता के ठीक सामने लगी भगवान गणेश की अनोखी प्रतिमा उतरमुखी है। खास बात ये है कि इस प्रतिमा में भगवान गणेश का पेट अंदर धसा हुआ है। यहां लगे शिलालेख के अनुसार 435 साल पहले विक्रम संवत 1646, ज्येष्ठ बदी नवमी को मंदिर की स्थापना हुई। यहां अष्टमी को जागरण व नवमी को मेले में भारी भीड़ रहती है। पहाड़ी पर सीधी चढ़ाई होने के कारण श्रद्धालुओं को प्राचीन मंदिर तक पहुंचने में दिक्कत आती थी। इसलिए 46 साल पहले संवत 2035 में सैंकड़ों साल पहले से प्रज्वलित धूणे के पास नीचे भी एक और मंदिर बनाया गया था। यहां कालीमाता मंदिर, भैरुजी मंदिर, शिव मंदिर व शिव धूणा है। जहां अब नवरात्रा में मेले के दौरान दर्जनों दुकानें लगती है।

### पौराणिक मान्यताएं जुड़ी है मन्दिर से

सुजानगढ़ से करीब 15 किलोमीटर दूर 850 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित दक्षिणमुखी काली माता का मंदिर एक ही शिला पर बना हुआ है। माना जाता है कि यह मंदिर मंत्र सिद्धि और साधना के लिए विख्यात रहा है। क्षेत्र में आसपास कई जगह खनन होता है। लेकिन इस पहाड़ी के आसपास ना तो कोई खनन होता है, ना ही कोई इस क्षेत्र के ओरण में कोई लकड़ी काट कर ले जाता है।

### ग्यारह साल से चल रहा है भंडारा

मन्दिर के ठीक पास मेला ग्राउंड में पिछले ग्यारह साल से लगातार मेघचंदन फाउंडेशन की ओर से साल में दो बार भंडारा लगाया जाता है। इस साल 22 वां भंडारा लगाया गया है।आपको बता दें कि 2014 में पूर्व न्यायाधिपति करणी सिंह के पुत्र कुलदीप सिंह ने यह भंडारा शुरू किया था जो कि पिछले ग्यारह सालों से अनवरत जारी है।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 112 वीं जयंती मनाई

## चौ. देवी लाल सच्चे किसान व मजदूर हितैषी थे, किसानों का करवाया था कर्जा माफ़

द डेस्प्रिंग



**सीकर।** चौधरी चरण सिंह ग्रामीण विकास संस्थान सीकर द्वारा सीकर स्थित कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष पूरणमल ने बताया कि चौधरी देवीलाल जो कि ताऊ के नाम से मशहूर हुए थे। वें हमेशा किसानों के हित के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने उप प्रधानमंत्री रहते हुए अपने लोकसभा चुनाव में किए गए वायदे के अनुसार किसानों का कर्ज माफ करवाया था, इसके साथ उन्होंने और भी अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करते हुए किसान मजदूर और आम हित में कार्य किए थे। उनके मौखिक आदेश से ही जन समस्याओं का समाधान हो जाता था। ग्रामीण भारत में वह एक लोकप्रिय किसान नेता थे।इस अवसर पर पूर्व प्रधान चोखाराम बुरड़क, शिवदयाल सिंह मील, नेमीचंद मूंड, सरपंच प्रतिनिधि प्रभुदयाल ओला, टोडाराम फोगाट, एडवोकेट आकाश नेहरा, विष्णु अग्रवाल, एडवोकेट कुलदीप, जसवीर चौधरी, सेवाराम सुंडा, नितिन माथुर सहित अनेक लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पुष्पांजलि दी।

# राधाकृष्णन शिक्षक संघ ने जिला शैक्षिक सम्मेलन में समय पर विभागीय पदोन्नति करने और गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति की उठाई मांग

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर ।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन दिनांक 26 व 27 सितंबर 2025 को धौलपुर के महाराजा उदयभान सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इन्फेन्ट में आयोजित किया जा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा ने बताया कि जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल रहें तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र शर्मा ने की। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल ने कहा कि सभी शिक्षक दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षकों, शिक्षा और शिक्षार्थियों के विषय में होने वाले नवाचारों पर चिन्तन मनन करें ताकि छात्रों को राष्ट्र का सुनागरिक बनाया जा सके। लेकिन सभी को पता वर्तमान में गैर शैक्षणिक कार्यों की संख्या बहुत अधिक हो गई है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नीरू जैन ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा ने प्रतिदिन आने वाली समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सविता सिंह ने कहा कि राजस्थान का एकमात्र संगठन राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन है जिसकी सदस्यता निःशुल्क है। यह संगठन निः स्वार्थ भाव से कार्य करने वाला संगठन है। नीरज कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, श्याम कान्त यादव प्रधानाचार्य, राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त सुरेन्द्र सिंह सिकरवार,लक्ष्य अध्यक्ष नेमीचंद अध्यापक,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राघवेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य एवं रतन सिंह लोधा ने अपनी अपनी वार्ताएं दी। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा ने स्थानांतरण नीति, तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के तबादलों, समय पर विभागीय पदोन्नति, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति आदि विभिन्न मांगो पर विचार विमर्श करते हुए अपनी वार्ता दी और अन्त में सभी अतिथियों को इस अवसर पर हरिफूल व्याख्याता, महेश प्रताप सिंह, मुकेश चन्द बघेला, मनियां ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चन्द, देवेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला महामंत्री नीरेन्द्र राजपूत,बसेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष परमार,राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त सुरेन्द्र सिंह सिकरवार, कमलकांत शर्मा, रिषि प्रकाश अग्रवाल व्याख्याता,अनिल प्रताप व्याख्याता,अनिल कुमार वर्मा,मनोज कुमार सोनी, संजय शर्मा,देवेन्द्र कुमार, रनवीर सिंह सिकरवार,विजया कुमारी, नीतू रानी, भगवान सिंह आदि के साथ साथ बहुत बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सोडावास में गाजर की फसल में जहरीला पाउडर डाला, गाजर फसल ख़राब, प्रशासन ने मौके पर जाकर देखा

द डेस्प्रिंग



**मुंडावर /हवासिंह चौधरी** । सोडावास कस्बे के तेजपुरा सड़क मार्ग पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाजर की फसल को जहरीले पाउडर से नष्ट करने का मामला सामने आया है। किसान नरेश पुत्र सूरजभान चौधरी पूर्व सरपंच ने बताया कि उसकी तीन बीघा जमीन में गाजर की फसल बोई हुई थी। जिसका नलाव भी गुरुवार को मजदूरी से 15 हजार में करवाया। नलाव के बाद फसल मे पानी देना अनिवार्य रहता हैं। गुरुवार की रात्रि को अज्ञात आदमी द्वारा पाइप में दवा डाल दी। खेत के मालिक नरेश ने फ़वारे चलाएं तो वह दवा चारों तरफ खेत में फैल गई। गाजर की फसल पूर्ण रूप से नष्ट हो गई। जिससे अंदेशा है कि किसी ने जानबूझकर जहरीला पदार्थ डालकर फसल को नुकसान पहुंचाया है। किसान नरेश चौधरी ने बताया कि इस घटना से करीब तीन लाख रूपये की फसल बर्बाद हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर कृषि विभाग की टीम पहुंची और फसल का निरीक्षण कर सैंपल एकत्रित किया। किसान ने आशंका जताई है कि किसी रंजिश के चलते यह हरकत की गई है।

# सितारगंज में विद्युत चोरी का भंडाफोड़: विभागीय टीम ने दबिश देकर 13 मीटर अवैध केबिल बरामद, प्राथमिकी दर्ज

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज)** । बिजली विभाग की सतर्कता टीम ने बीते 18 सितम्बर को विद्युत चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करघटिया क्षेत्र में दबिश दी, जहां जोगेन्दर सिंह पुत्र हजारा सिंह के परिसर से करीब 13 मीटर दो कोर केबिल बरामद की गई। अपर अभियंता महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद पाठक, सहायक अभियंता सतर्कता अमित चन्द्र आर्या, लाइनकर्मी उमेश सिंह व सुरक्षा कर्मियों की टीम ने मौके पर चैकिंग कर केबिल को उतारकर कब्जे में लिया तथा विधिवत सील कर सबूत के तौर पर जमा कराया। कार्रवाई के दौरान मौके की वीडियोग्राफी भी की गई। विभाग ने आरोपी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की संस्तुति की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# हाऊसिंग बोर्ड में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए नगरपरिषद आयुक्त को सौपा ज्ञापन


द डेस्प्रिंग



**जैसलमेर-रमेश प्रजापत** । कल शहरी सेवा शिविर आरपी कॉलोनी में हाउसिंग बोर्ड वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से अध्यक्ष विक्रम सिंह सोढा की अध्यक्षता में सैकड़ो हाउसिंग बोर्ड वासियो द्वारा जिसमें महिलाएं बुजुर्ग युवा सभी ने मिलकर नगर पालिका आयुक्त लाजपत सिंह सोडा को हाउसिंग बोर्ड में कई लंबे समय से चल रही समस्याओं के बारे में ज्ञापन दिया वह मौखिक रूप से अवगत कराया । हाउसिंग बोर्ड वासियों ने बताया कि आज 20 साल से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मे हम निवास कर रहे हैं लेकिन सरकार की तरफ से इस कॉलोनी को किसी भी प्रकार की सुविधा आज तक मुहैया नहीं करवाई गई जिसमें मुख्य रूप से सड़क व्यवस्था कॉलोनी की साफ सफाई पार्कों का डेवलपमेंट के कार्यों को भी अभी तक नहीं करवाया गया । विशेष तौर से देखा जाए तो कॉलोनी के अंदर बहुत ही हालत खराब है किसी भी प्रकार के व्हीकल चलने में बड़ी दुर्गति होती है वह बच्चे व बूढ़े तो सड़कों पर बिल्कुल चल ही नहीं सकते । ऐसी स्थिति में महिलाओं द्वारा भी आक्रामक रूप से अपनी बात को उठाया गया कि हमें बड़ी समस्या हो रही है कॉलोनी के अंदर मूलभूत सुविधाएं भी आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई । कॉलोनी में दो जगह बिजली के खंभे व तारे नीचे भूमि से कम हाइट पर लटक रही है यह भी बहुत बड़ी दिक्कत है कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है इस बारे में भी आयुक्त महोदय वह बिजली विभाग को भी अवगत करवाया गया ।आयुक्त महोदय से निवेदन किया गया की कॉलोनी के ऊपर विशेष रूप से ध्यान देकर कॉलोनी को सुसज्जित व अच्छी बनाने के लिए कृपया करके कॉलोनी को भरपूर सहायता देने की कृपा करें । हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से निवेदन गया कि लगभग 500 घरों का हाउसिंग बोर्ड है इसका कार्यालय अभी जोधपुर से संचालित हो रहा है हाउसिंग बोर्ड कार्यालय जो जेठवादी रोड पर है उसको स्थाई रूप से यही रखा जाए क्योंकि जोधपुर हर व्यक्ति वहां पर नहीं जा पा रहा है और जो छोटे-मोटे कार्य हाउसिंग बोर्ड के वह जोधपुर कार्यालय में होते हैं इस हेतु कार्यालय के अधिकारियों को भी दिया गया । ज्ञापन कार्यक्रम में कॉलोनी के अध्यक्ष विक्रम सिंह सोडा बूटा राम गेवा , , शंकर लाल, चंदन राम , रामेश्वर बोरावत , हाकम सिंह लीलाधर सेन , मनोज खत्री मोहन लाल ,रमेश सेन जगदीश कुमार , करण कुमार ,देवी प्रजापत, कैलाश कुमार , गंगा, हिना आदि कई गणमान्य निवासी हाउसिंग बोर्ड उपस्थित रहे ।

# रामेश्वर दयाल की मेहनत लाई रंग सरमथुरा में गोवंश आतंक पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का कड़ा रुख

द डेस्प्रिंग



**धौलपुर (दीपू वर्मा)** । राजस्थान समाजसेवी और पूर्व कस्टम अधिकारी रामेश्वर दयाल खिन्नोट की वर्षों से चली आ रही मेहनत आखिरकार रंग लाई है। सरमथुरा नगर पालिका में गोवंश के आतंक से परेशान जनता की आवाज को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) तक पहुंचाने वाले रामेश्वर दयाल की शिकायत पर आयोग ने सख्त कदम उठाया है। 23 जुलाई 2025 को रामेश्वर दयाल ने आयोग को मेल के जरिए सूचित किया था कि सरमथुरा कस्बे में सैकड़ों गोवंश सड़कों पर बेकाबू घूम रहे हैं, जिससे आम लोगों को भारी असुविधा और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा वर्षों से इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही एक भी पशु को गौशाला में स्थानांतरित किया गया। वर्तमान में 500 से अधिक गायें कस्बे में सड़कों पर घूम रही हैं, जिसके चलते कई लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। रामेश्वर दयाल ने नगर पालिका की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उनकी शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहायक रजिस्ट्रार (विधि) अतुल कुमार ने केस नंबर 2867/20/12/2025 के तहत 26 सितंबर 2025 को धौलपुर नगर निगम आयुक्त को निर्देश जारी किए। आयोग ने नगर आयुक्त, गौरव पथ, हरदेव नगर, धौलपुर को आदेश दिया कि शिकायत को संबंधित प्राधिकारी को उचित कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जाए। साथ ही, प्राधिकारी को निर्देश दिया गया कि शिकायतकर्ता को शामिल करते हुए 8 सप्ताह के भीतर आवश्यक कदम उठाए जाएं और कार्रवाई की जानकारी दी जाए। रामेश्वर दयाल की इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा है। सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाएं और असुविधाएं हर कस्बे और शहर में आम समस्या हैं, लेकिन इस दिशा में सजगता दिखाते हुए रामेश्वर दयाल ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह आदेश उम्मीद की किरण है, लेकिन अब सवाल यह है कि क्या इस निर्देश का पालन होगा और धरातल पर कार्रवाई दिखेगी? जनता को अब नगर पालिका और प्रशासन से ठोस कदमों की उम्मीद है ताकि सरमथुरा की सड़कों को गोवंश के आतंक से मुक्त किया जा सके और आम लोगों को राहत मिले।

# 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

## सितारगंज द्वारा सिविल हॉस्पिटल, खटीमा के सहायता से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज दीपक भारद्वाज** । श्री मनोहर लाल, कमांडेंट, 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के निर्देशन एवं डॉ बी.बी सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, चिकित्सा के नेतृत्व में 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज द्वारा सिविल हॉस्पिटल, खटीमा के सहायता से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया 7 शिविर में 57 वाहिनी के अधिकारी, अधिनस्त अधिकारी एवं जवानों ने प्रतिभाग किया एवं स्वैच्छिक रक्तदान किया शिविर में सिविल हॉस्पिटल, खटीमा के राहुल कुमार एवं रजनी (टेकनीशियन) विशेष रूप से उपस्थित रहे । शिविर में 57 बटालियन के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 23 यूनिट रक्तदान कर मानवता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मनोज कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷रक्तदान महादान है एवं बलकर्मियों द्वारा किये गए रक्तदान किसी के जीवन के लिए वरदान साबित हो सकता है साथ ही यह भी बताया की रक्तदान के उपरांत कैंसर से खतरा कम हो जाता है तथा वजन कम करने में सहायक होता है 7 लीवर से जुडी बीमारियों से रहत मिलता है हार्ट अटैक की संभावना कम हो जाती है तथा नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है समाज के शिक्षित और जागरूक नागरिक होने के नाते हमें अपनी जिम्मेदारी समझते हुए रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। रक्तदान शिविर में निरीक्षक मुन्नी बाई, उप-निरीक्षक अनेंद्र सिंह राणा, स.उप-निरीक्षक सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी विकास एवं वाहिनी के चिकित्सा शाखा के कर्मियों सहित बटालियन के अन्य जवान उपस्थित रहे। सभी ने अपने अमूल्य योगदान से इस पुनीत कार्य को सफल बनाया 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर न केवल मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण बना, बल्कि जवानों ने सेवा, सुरक्षा एवं बंधुत्व के मूल मंत्र को और सुदृढ़ करने का कार्य भी किया।

# पत्रकार मनोज खंडेलवाल की धर्मपत्नी तरुणा खंडेलवाल का जय माँ दुर्गा सेवा समिति ने किया भव्य सम्मान

## धार्मिक-सामाजिक खबरों को महत्व देने पर नवरात्रा महोत्सव में मिला सम्मान।

## दुर्घटना के कारण बेड रेस्ट पर हैं पत्रकार मनोज खंडेलवाल।

द डेस्प्रिंग



**मनोज खंडेलवाल** । मंडावर शहर में गढ़ रोड स्थित प्राचीन माँ दुर्गा मंदिर पर इस बार भी नवरात्रा महोत्सव का आयोजन आमजन और जय माँ दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में भारी हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान शुक्रवार को समिति ने एक विशेष पहल करते हुए मंडावर शहर के वरिष्ठ पेशेवर पत्रकार मनोज खंडेलवाल की धर्मपत्नी तरुणा खंडेलवाल का मंदिर परिसर में भव्य सम्मान किया। समिति के सदस्यों ने तरुणा खंडेलवाल को माँ दुर्गा की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। यह सम्मान पत्रकार मनोज खंडेलवाल को धार्मिक व सामाजिक विषयों से जुड़ी खबरों को विशेष महत्व देते हुए प्रमुखता से प्रसारित करने और पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार जन हितार्थ खबरें प्रकाशित करने के लिए प्रदान किया गया। चूंकि पत्रकार मनोज खंडेलवाल हाल ही में एक दुर्घटना में पैर में गंभीर चोट लगने के कारण बैड रेस्ट पर हैं, इसलिए यह सम्मान उनकी धर्मपत्नी तरुणा खंडेलवाल और उनके पुत्र को प्रदान किया गया। इस अवसर पर जय माँ दुर्गा सेवा समिति के पदाधिकारीगणों सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सम्मान ग्रहण करने के बाद तरुणा खंडेलवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि इस सम्मान के असली पात्र केवल उनके पति मनोज खंडेलवाल ही हैं और इस पर उन्हीं का हक है। उन्होंने कहा कि मजबूरीवश उनके पति के बैड रेस्ट पर होने के कारण जय माँ दुर्गा सेवा समिति द्वारा यह सम्मान उन्हें प्रदान किया गया है, जिसके लिए उन्होंने समिति का हार्दिक आभार व्यक्त किया। समिति ने इस दौरान पत्रकार मनोज खंडेलवाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

## परिजनों में कोहराम, चालक फरार

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज)** । नगर के महाराणा प्रताप चौक से नकुलिया चौराहे की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूके06 सीए 1233 ने बीते 21 सितम्बर की रात एस.एम. पब्लिक स्कूल के सामने सामने से आ रही बाइक संख्या यूके06 वीं-2690 को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार कुलवन्त सिंह (31) पुत्र भजन सिंह निवासी गुरूनानक नगरी गोठा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोग आनन-फानन में कुलवन्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और परिजनों में कोहराम का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतक के भाई लक्खा सिंह ने कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर आरोपी चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# हॉकी खिलाड़ियों का हुआ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



द डेस्प्रिंग

**बापिणी / ओमप्रकाश प्रजापत** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापिणी के 14 वर्षीय , 17 वर्षीय , 19 वर्षीय आयु वर्ग में दो दर्जन से अधिक हॉकी खिलाड़ी फलोदी जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व । शारीरिक शिक्षक पंकज सैन ने बताया कि 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में 14 वर्षीय आयु वर्ग के चार छात्रों व चार छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ, 17 वर्षीय आयु वर्ग के तीन छात्रों व सात छात्राओं का राज्य स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ, 19 वर्षीय छात्र आयु वर्ग के दो छात्र, वह तीन छात्राओं का राज्य स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ । 14 वर्षीय आयु वर्ग के छात्र-छात्रा सिवाना में भाग लेंगे 17 वर्षीय आयु वर्ग प्रतियोगिता में छात्र पदमपुर व छात्राएं रिंगस में भाग लेंगे 19 वर्षीय छात्र वर्ग भीनमाल जालौर में व छात्राएं धोलासर फलोदी में प्रतियोगिता में भाग लेंगे । बापिणी के कुल 23 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय होगी प्रतियोगिता में चयन हुआ

# भामाशाहो के सहयोग से ब्लड बैंक परिसर में लगा टीनं सेड



द डेस्प्रिंग

**पाली** । राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबंध बांगड़ हॉस्पिटल परिसर में स्थित ब्लड बैंक के गेट पर ब्लड बैंक की बस और वाहन की पार्किंग हेतु टीन सेड का निर्माण समाज सेवी दिलीप भावेश पुत्र नेमीचंद सीरवी गांव भीमालिया की ओर से किया गया जो पार्किंग के साथ रक्तदान शिविरों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा द्य और रक्त केंद्र में सकाराम नारायण लाल पुत्र पुनाराम सीरवी नाडोल की ओर से स्वर्गीय जमनी बाई धर्मपत्नी पुनाराम सीरवी की प्रथम पुण्य स्मृति में चाय कॉफी मशीन की सुविधा रक्त केंद्र में की गई इसके साथ बीसीएम ग्रुप के डायरेक्टर मगराज जैन की ओर से ब्लड वेट मशीन , सोफा सेट और कुर्सियों की व्यवस्था की गई जो होने वाले नियमित रक्तदान शिविरों में उपयोगी सिद्ध होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त प्राचार्य और पैथोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ. एचपी तोषनीवाल और अधीक्षक डॉ. कैलाश परिहार और डॉ. मांगीलाल चौधरी प्रभारी अधिकारी ब्लड बैंक की अध्यक्षता में भामाशाहों का माला और साफा द्वारा स्वागत और स्मृति चिन्ह अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया लिए इस मौके पर डॉ. तनु बानो , डॉ सरिता परिहार डॉ अरविंद पटेल डॉक्टर शिव प्रताप डॉ भारतेश डॉ वैभव दवे नर्सिंग अधीक्षक उषा थॉमस , समाजसेवी नीरज सोनी देवीका सेवा संस्थान रेड क्रॉस सोसाइटी प्रतिनिधि दिनेश पवार जोग सिंह राठौड़ वसनाराम रमेश विक्रम पूरन सिंह करण सिंह विजय इंदुबाला पुष्पा महबूब कबाड़ी और ब्लड बैंक के स्टाफ मौजूद रहे

# राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

द डेस्प्रिंग





**रुदावल, भरतपुर / रामकुमार उपाध्याय।** शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन की विधिवत शुरुआत रूपबास बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत के मुख्यआतिथ्य में ऋषि बंसल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा भरतपुर, प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघीना , प्रदेश पदाधिकारी बदन सिंह मीना, त्रिलोकचंद उपाध्याय, पूनम चतुर्वेदी, गजेन्द्र शर्मा, मानसिंह बंजारा, पुरुषोत्तम पाराशर, यादव चंद लवानिया ,जिला अध्यक्ष होती लाल जैमन , जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह बैसला, करतार सिंह सूपा,जिला मंत्री वासुदेव योगी , जिला प्रवक्ता राजेश गुर्जर, जिला संगठन मंत्री हंसराम गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष नरेश गुर्जर, बृजकिशोर शर्मा, सुधीर कटारा, अंकुर जैन, प्रधानाचार्य महेश चंद गुर्जर, धर्मेंद्र सिंह मावई , उदयभान सिंह की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ द्ध जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह बैसला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ ऋतु बनावत और सभी अतिथियों का संयोजक टीम द्वारा ज़ोरदार स्वागत किया और पूरे जिले से पधारे शिक्षक भाई बहिन का कार्यक्रम के दौरान स्वागत सत्कार किया गया द्यकार्यक्रम के दूसरे सत्र में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रहीं द्ध जिनका संयोजक टीम द्वारा जोरदार स्वागत किया द्य कार्यक्रम के दौरान कवि राकेश गुर्जर ने विधायक ऋतु बनावत और भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा का कविता छन्दवाचन के माध्यम से स्वागत कर समां बाँध दिया द्य कार्यक्रम के दौरान विधायक ऋतु बनावत ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है शिक्षकों के लिए वो हमेशा लड़ाई लड़ेंगी और संघठन द्वारा भेजी गयी हर मांग को पूरा करने के लिए भरसक प्रयास करेंगी द्ध भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि वो शिक्षक भाई बहिन की हर एक जायज माँग को सरकार तक पहुँचाने का कार्य करेंगी और जिले के सभी शिक्षकों से अपील की कि वो विद्यार्थियों में उच्च संस्कार विकसित कर मोदी जी के विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा कराने में अपना अहम योगदान दें द्ध इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह बैसला ने पूरी टीम की तरफ से जिले के कोने कोने से पधारे शिक्षक भाई बहिन का स्वागत करते हुए उनकी मांगों को विधायक डॉ ऋतु बनावत और भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के सामने रखकर उन्हें पूरा करने का निवेदन किया प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघीना ने खुला मंच का आयोजन कर सभी शिक्षक भाई बहिन को अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया द्य इस दौरान शिक्षक भाई बहिन द्वारा अनेक प्रस्तुति दी द्ध इस दरमियान प्रदेश सह संगठन महामन्त्री बदनसिंह मीना ने सभी शिक्षकों को एकजुट रहकर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए संगठन के साथ जुड़ने की अपील की और शिक्षकों की बहुत सारी मांगों को विधायक और जिलाध्यक्ष भाजपा के सामने रखा द्यइसी दरमियान राहुल ब्रजयंति ने शानदार प्रस्तुति दी श्यामसिंह मधुर ने कविता गायन कर सभी को ओतप्रोत कर दिया और सभी पदाधिकारियों को संघठन को ताकतवर बनाने हेतु सभी पदाधिकारियों को को पूरे समर्पण के साथ कार्य करने को प्रेरित किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष होतीलाल जैमन ने जिला स्तरीय सम्मलेन का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर संघठन द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला और मजबूती के साथ शिक्षकों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हम सभी एकजुट हैं तो हम हर समस्या का समाधान कर सकते हैं इस दरमियान ब्लॉक अध्यक्ष नरेश गुर्जर और ब्रजकिशोर शर्मा ने कहा कि संघठन को ताकतवर बनाने के लिये वो ब्लॉक कार्यकारिणी के साथ जी जान से जुटेंगे कार्यक्रम के अंत में जिलामंत्री वासुदेव योगी ने सभी अतिथियों और शिक्षक भाई बहिन का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान के माध्यम से देश भक्ति की मिसाल कायम की कार्यक्रम के दौरान हरपाल सिंह, बहादुर गुर्जर, शिवदत्त शर्मा, बैजनाथ शर्मा, रामभरोसी गुर्जर, भानुप्रताप सिंह परमार, नरेंद्र सिंह परमार, सिरोज़न गिरी, वीरेंद्र गुर्जर, कुमरसैन योगी, मुकेश गुर्जर, जगदीश गुर्जर, रामप्रकाश सहित सैंकड़ों शिक्षक भाई बहिन मौजूद रहे

# राव ने किसानों कि अनुदान राशि नहीं मिलने पर प्रशासन को दी धरना प्रदर्शन कि चेतावनी

द डेस्प्रिंग

**नेमीचंद सोनी डांवर लुणा ।** घंटियाली जोधपुर जिला देहांत कांग्रेस कमेटी के महासचिव किशन राव लूना ने बताया की घंटियाली तहसील के समस्त ग्राम पंचायत के किसानों को 2023 का खाद बीज अनुदान राशि अभी तक नहीं मिली है इसके लिए आवश्यक दस्तावेज किसान भाइयों ने जमा करवा दिए उसके उपरांत भी अभी तक अनुदान राशि किसान भाईयों के खाते में जमा नहीं हुई। राव ने जिला कलेक्टर और उपखंड अधिकारी तहसीलदार को ज्ञापन के माध्यम से उनसे आग्रह किया कि यह अनुदान राशि हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे हमें अपनी फसलों के लिए आवश्यक खाद बीज खरीदने में मदद मिलती है।राव ने प्रशासन को चेतावनी दी यदि जल्दी यह राशि किसानों के खाते में जमा नहीं हुई तो घंटियाली तहसील मुख्यालय और फलोदी जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

### कार चालक ने रास्ता रोककर की फायरिंग

# ट्रक चालक को जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज)** । क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्राम डियोडार निवासी ट्रक चालक गगनदीप सिंह ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी कि बीते 23 सितंबर को वह अपने रिश्तेदारों के साथ रुद्रपुर से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास पीछे से आ रही सफेद रंग की मारुति फरोक्स कार संख्या 6500 ने साइड मांगी। पीड़ित ने वाहन रोककर साइड दी तो कार चालक महीप सिंह पुत्र बलवीर सिंह उर्फ बिल्लू निवासी करघटिया अपने साथियों संग बार-बार कार रोक-रोककर गाड़ी चलाने लगा। जब पीड़ित ने हार्न देकर साइड मांगी तो आरोपी भड़क उठा और गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने रास्ता रोककर तेज रफ्तार से गाड़ी घुमाकर लाकर फायरिंग की और खुलेआम जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का है और आए दिन उसकी दबंगई से ग्रामीण भयभीत रहते हैं। गगनदीप सिंह ने आशंका जताई कि उसे कभी भी जान-माल का नुकसान पहुंचाया जा सकता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 : श्रमदान, जनजागरूकता और सद्भावना केंद्रों से सहयोग

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / मनीष धोबी ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को हनुमान मंदिर सेंती पर सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य मार्गों, नालों-नालियों की सफाई, C&D वेस्ट हटाना, झाड़ियों की कटाई एवं GVP पॉइंट्स की सफाई की गई। मौके पर उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। अभियान के तहत आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सोर्स सेग्रीगेशन, होम कम्पोस्टिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही कचरा संग्रहण वाहनों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डालने और घर पर दो डस्टबिन के उपयोग की समझाइश दी गई। इस श्रमदान में नगर परिषद कार्मिक, स्व्स्न्न्छ्ड्ड कार्मिक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सद्भावना केंद्रों पर सहयोग

मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों पर अनुपयोगी एवं पुरानी वस्तुओं–जैसे कपड़े, जूते-चप्पल, किताबें एवं खिलौने–संग्रहित कर जरूरतमंदों को वितरित किए गए। बच्चों को खिलौने मिलने पर वे आनंदित हो उठे। यह पहल बच्चों की खुशी के साथ-साथ उनके सामाजिक व भावनात्मक विकास के लिए भी सार्थक साबित हुई।

## विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियाँ

स्वच्छता अभियान के तहत परिषद टीम ने स्कूलों में विद्यार्थियों को सोर्स सेग्रीगेशन, होम कम्पोस्टिंग, हैंड वाशिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन एवं सद्भावना केंद्रों की जानकारी दी और उन्हें स्वच्छता शपथ दिलाई।

## नवरात्र महोत्सव को क्लीन-ग्रीन उत्सव के रूप में मनाने की पहल

अभियान के अंतर्गत नवरात्र महोत्सव को क्लीन ग्रीन उत्सव के रूप में मनाने हेतु आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक बैन, इको-फ्रेंडली उत्पादों के उपयोग तथा धार्मिक व घरेलू कार्यक्रमों को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पर्यावरण हितैषी पंडाल स्थापित कर महिला सफाई मित्रों के साथ सामूहिक सफाई कर रंगोली सजाई गई।

# शहरी सेवा शिविर 2025 में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ

द डेस्प्रिंग





**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल** । जिला प्रशासन द्वारा 17 सितम्बर से 24 सितम्बर तक आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 के अंतर्गत विभिन्न निकायों में शहरी जनहित के कार्यों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। शिविरों के दौरान आमजन को त्वरित सेवाएँ प्रदान करने हेतु विभागीय टीमों द्वारा विशेष कार्यवाही की गई।

इस अवधि में कुल 452 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इनमें प्रमुख रूप से कृषि भूमि पर बसी स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत पट्टे के 89 प्रकरण, 69ए के अंतर्गत जारी पट्टे के 70 प्रकरण, स्टेट ग्रांट के अंतर्गत पट्टे के 117 प्रकरण, पूर्व में जारी पट्टों के समर्पण पश्चात पुनः पट्टा के 32 प्रकरण, अपंजीकृत पट्टों को पुनर्वैध कर पंजीकरण के 62 प्रकरण, नाम हस्तांतरण के 35 प्रकरण, भवन मानचित्र प्रकरण के 7 प्रकरण, निर्माण अवधि विस्तार स्वीकृतियाँ के 19 प्रकरण एवं अन्य 21 प्रकरणों का शिविरों मे निस्तारण किया गया। रैंकिंग के अनुसार निंबाहेड़ा नगर पालिका ने 91 प्रकरण, आकोला नगर पालिका ने 17 प्रकरण, बेगूँ नगर पालिका ने 292 प्रकरण, चित्तौड़गढ़ नगर परिषद ने 39 प्रकरण, कपासन नगर पालिका ने 17 प्रकरण, बड़ीसादड़ी नगर पालिका ने 7 प्रकरण एवं रावतभाटा नगर पालिका ने 06 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इन शिविरों के माध्यम से जनता को समयबद्ध राहत एवं पारदर्शिता के साथ सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। आगामी शिविरों में भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से किया गया।

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अनुपालना में जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यगणों द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण किया

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



सर्वोच्च न्यायालय के रिट पिटीशन उनवान सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश की पालना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण में जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्य जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल, जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा गुरुवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जेल में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया तथा इस संबंध में जारी एसओपी की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा जेल में प्रत्येक बैरिक एवं रसोई घर में जाकर बंदियों से जातिगत भेदभाव के संबंध में पूछताछ करने पर किसी भी बंदी द्वारा जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना बताया। टीम द्वारा जेल में रसोईघर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता को जांचा। खाना बनाने वाले बंदियों से पूछताछ करने पर विभिन्न जाति व समुदाय के बंदियों द्वारा संयुक्त रूप से मिलजुल कर खाना बनाया जाना व्यक्त किया तथा शौचालयों की साफ सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स टीम द्वारा सभी बंदियों से जिनकी जमानत हो चुकी है, वह सभी बंदी अपनी-अपनी जमानत के निर्देश दिए एवं कुछ बंदियों ने बताया कि जमानत के लिए उनके घर वालों से बातचीत नहीं होती है इस संबंध में जेल अधीक्षक ने बताया कि घर पर बात करने के लिए जेल के नियमानुसार केवल शुरू में बंदी के प्रवेश करने पर 5 मिनट मिलते है उसके बाद घर वालों को रिचार्ज कराने पर ही बातचीत करवाई जाती है। उसके बाद सभी बंदियों से उनके स्वास्थ्य, नाश्ता एवं खाने के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और गुरुवार के खाने के बारे में भी पूछा एवं बंदियों से फॉर्मेट के बारे में भी जानकारी प्राप्त करने पर फॉर्मेट उपलब्ध नहीं पाए गए इस संबंध में सभी बंदियों को फार्मेट भरकर प्रस्तुत करने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। उसके बाद महिलाओं के बैरकों का भी निरीक्षण किया एवं महिलाओं से भी उनके पेशी, तारीख, फार्मेट के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके बच्चों के लिए दूध, दलिया, नाश्ता, खाना, मेडिकल इत्यादि की भी जानकारी प्राप्त की, निरीक्षण के दौरान रसोई-घर में खाने की गुणवत्ता का अवलोकन करने पर सब्जियों में मिर्च ज्यादा पाई जाने पर जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि सब्जियों में मिर्च कम रखें, मिर्च तेज होने से बंदियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता हैं साथ ही बंदियों से टॉयलेट की सफाई के बारे में भी जानकारी ली एवं जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि खाने के लिए इंदिरा रसोई के द्वारा इनको कोर्स भी उपलब्ध करवाया जाए। साथ ही बैरकों के गेट खोलने-बंद करने की भी जानकारी प्राप्त की एवं एनजीओं के जरिये बैरकों के अंदर साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए। प्रत्येक बंदी अपने-अपने कपड़ों की प्रतिदिन धुलाई करते हैं इस संबंध में भी बंदियों के प्रति जाति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मसिंह मीणा, जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग अरविंद मीणा, सहायक निदेशक कृषि विभाग सरदारमल यादव, जिला उद्योग अधिकारी मितुल गोयल, प्रतिनिधि जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, दीपक सिकरवार, एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर 5 अक्टूबर को

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** द यग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा 5 अक्टूबर 2025 को नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा।क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि सुजानगढ़ निवासी, बेंगलुरु प्रवासी कमलेश द्व भरत डूंगरवाल के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया की प्रेरणा से आयोजित होने वाले इस नेत्र शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया जाएगा तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा, चयनित नेत्र रोगियों के नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में किए जाएंगे। द यग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित होने वाले इस नेत्र शिविर में रोगियों को नि:शुल्क दवा भी दी जाएगी।

# नीरजा अशोक शर्मा नेचंबल लिफ्ट परियोजना के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का जताया आभार

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

राजाखेड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बांसवाड़ा दौरे के दौरान 1 लाख 8 हजार करोड़ रुपए से अधिक की जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया है उनमें धौलपुर जिले के किसानों की लाइफ लाइन मानी जाने वाली चंबल लिफ्ट परियोजना भी शामिल है। चंबल लिफ्ट परियोजना के लोकार्पण पर भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। भाजपा नेत्री ने बताया कि राजस्थान की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने राजाखेड़ा और धौलपुर के किसानों की सिंचाई और आमजन के पेयजल की समस्या के समाधान के लिए चंबल लिफ्ट परियोजना की घोषणा 22 दिसंबर 2017 को की थी जिसका शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री राजे ने राजाखेड़ा के मरैना में किया था। लेकिन ये राजाखेड़ा और धौलपुर की जनता का दुर्भाग्य था कि 2018 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार चली गई। सरकार बदलते ही धौलपुर में विकास के सबसे बड़े दुश्मन एक परिवार ने अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करके परियोजना की गति पर अंकुश लगा दिया और पूरे पांच साल कोई काम नहीं होने दिया जिसके कारण हमारे किसान भाइयों को जो पानी पिछली कांग्रेस सरकार के समय ही मिल जाना चाहिए था वो अब भाजपा की भजनलाल सरकार के समय में संभव हो पाया है। इससे सिद्ध होता है कि कांग्रेस पार्टी और राजाखेड़ा धौलपुर में उसके कर्ता धर्ता न केवल विकास विरोधी हैं बल्कि मजदूर किसान और आमजन के सबसे बड़े शत्रु हैं। लेकिन अब आमजन को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अब देश और राजस्थान दोनों जगह मजबूत इरादों वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार है जो मजदूर किसान शोषित पीड़ित वंचित समाज के उत्थान के लिए सदैव तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनहित की नीतियों का ही परिणाम है कि धौलपुर और राजाखेड़ा की जनता के लिए सरकार बनने के 21 महीने के अल्पकाल में ही चंबल लिफ्ट परियोजना धरातल पर उतर आई है

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ओंडेला रोड में चिकित्सा शिविर आयोजित, 340 मरीजों ने लिया परामर्श

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया उपचार, स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग




स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा औंडेला एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस मेगा शिविर में 340 मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा बताया कि स्वस्थ भारत, विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के उददेश्य से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किए गए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत यूपीएचसी औडेला रोड पर मेगा शिविर आयोजित किया गया। शिविरों के स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ के द्वारा सेवाएं दी गई। इस दौरान 202 लोगों की हीमोग्लोबिन की जांच, 236 की उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, 98 लोगों की ञ्चक्क स्क्रीनिंग, 13 महिलाओं की एएनसी जांच तथा 11 लोगों की ई केवाईसी एवं 6 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान इनरव्हील क्लब से रेनू भार्गव, इंद्रा जिंदल द्वारा 19 टीवी मरीजों को पोषण किट वितरण की गई। शिविर के पब्लिक हेल्थ मैनेजर मोइन खान, प्रेमलता विकास त्यागी एवं बलदेव ने सहयोग किया।

# ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों को मिला फायदा: सुरेंद्र सिंह राठौड़ सरपंच ग्रामीण हुए लाभान्वित

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत बालेरा में ग्रामीण सेवा शिविर गुरुवार को अटल सेवा केंद्र में लगाया गया।सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर मे पट्टा, एनएफएस के.ई.केवाईसी, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र जनआधार संशोधन के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उर्जा विभाग को विद्युत सप्लाई में व्यवधान, महिला बाल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर में महिला रोगियों की जांच कर परामर्श दिया व दवाइयां भी दी। व अन्य प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। आयुर्वेद विभाग के अन्तर्गत रोगियों ने चिकित्सक से परामर्श लिया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447